Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 30 | शनिवार , 31 जनवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## कर्नाटक सरकार ने अधिकारियों को हर महीने खादी पहनने को कहा, जारी किया सर्कुलर



**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने अधिकारियों को हर महीने खादी पहनने को कहा है। खादी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे हर महीने के पहले शनिवार को खादी पहनें।

राज्य सरकार ने खादी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया राज्य की मुख्य सचिव शालिनी राजनीश ने इस संबंध में सर्कुलर जारी करते हुए कहा, खादी केवल वस्त्र नहीं है। यह राष्ट्र की गरिमा और गर्व का प्रतीक है। खादी राज्य में हजारों बुनकरों को सीधे और अप्रत्यक्ष रूप से आजीविका प्रदान करता है। इसलिए 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्य सरकार ने खादी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। राज्य सरकार, सहायता प्राप्त संस्थानों, निगमों, बोर्डों, स्वायत्त निकायों, विश्वविद्यालयों के अधिकारियों और कर्मचारियों से अनुरोध किया गया है।

## बांबे हाई कोर्ट ने किशोरी की गर्भपात की याचिका खारिज की



**मुंबई।** बांबे हाई कोर्ट ने 18 वर्षीय महिला की 28 सप्ताह की गर्भावस्था को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की याचिका को खारिज कर दिया है, यह कहते हुए कि जबरन गर्भपात भ्रूण हत्या के समान होगा क्योंकि भ्रूण स्वस्थ और जीवित है।

जस्टिस रविंद्र घुगे और अभय ज. मंती की एक पीठ ने इस सप्ताह की शुरूआत में एक आदेश में निर्देश दिया कि किशोरी को उसके प्रसव तक व्यापक चिकित्सा और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान की जाए। अदालत ने कहा, जब बच्चा पैदा हो जाएगा और उसे गोद लेने के लिए पंजीकृत अनाथालय में भेजने की स्थिति में होगा, तो बाल कल्याण समिति इस संबंध में संभावित मां की सहायता करेगी। किशोरी की मां ने गर्भपात की याचिका दायर की थी, जो कि लड़की के 17 वर्ष की आयु में एक पुरुष मित्र के साथ संबंध का परिणाम था।

## दर्दनाक दृश्य

# कांगो की रुबाया कोल्टन खदान में भयानक भूस्खलन, 200 की मौत

**कांगो।**



डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) के पूर्वी प्रांत में रुबाया कोल्टन खदान में बुधवार को हुए भीषण भूस्खलन में 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। यह जानकारी विद्रोही-नियुक्त गवर्नर के प्रवक्ता लुमुम्बा कंबेरे मुयिसा ने शुक्रवार को रॉयटर्स को दी। राज्यपाल के एक सलाहकार ने नाम न छापने की शर्त पर पुष्टि की कि मृतकों की संख्या कम से कम 227 है। हादसा बारिश के मौसम में हुआ, जब कमजोर जमीन धंस गई और खनिकों, बच्चों तथा बाजार में व्यापार करने वाली महिलाओं सहित सैकड़ों लोग गड्ढों में फंस गए। मुयिसा ने बताया, ₹इस भूस्खलन में 200 से अधिक लोग हताहत हुए। कुछ लोगों को समय रहते निकाला गया, लेकिन वे गंभीर रूप से घायल हैं। लगभग 20 घायलों का इलाज स्वास्थ्य केंद्रों में चल रहा है। रुबाया क्षेत्र दुनिया के लगभग 15% कोल्टन का उत्पादन करता है, जिसे संसाधित कर टैंटलम बनाया जाता है। यह ताप-प्रतिरोधी धातु मोबाइल फोन, कंप्यूटर, एयरोस्पेस उपकरण और गैस टर्बाइन जैसे उत्पादों में अत्यधिक इस्तेमाल होती है। यहां स्थानीय लोग हाथ से खुदाई कर प्रतिदिन कुछ डॉलर कमाते हैं, लेकिन सुरक्षा मानकों की कमी के कारण ऐसे हादसे आम हैं। यह खदान 2024 से एएफसी/एम23 विद्रोही समूह के नियंत्रण में है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, एम23 ने रवांडा सरकार के समर्थन से इस क्षेत्र की संपत्ति लूटकर अपने विद्रोह को वित्त पोषित किया है–एक आरोप जिसे किगाली खारिज करता है। एम23 का लक्ष्य किंशासा सरकार को उखाड़ फेंकना और कांगो के तुत्सी अल्पसंख्यक की सुरक्षा सुनिश्चित करना बताया जाता है। यह घटना पूर्वी कांगो में जारी संघर्ष और असुरक्षित आर्शेनल खनन की खतरनाक स्थिति को उजागर करती है, जहां वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग के लिए महत्वपूर्ण खनिज निकाले जाते हैं, लेकिन मजदूरों की जान जोखिम में रहती है।

## गाजा पुनर्निर्माण से शांति तक: भारत-अरब लीग सम्मेलन आज



**नई दिल्ली।**

एक दशक बाद अरब देशों की लीग की बैठक में आज गाजा पट्टी के पुनर्निर्माण पर अहम चर्चा होगी। अमेरिका-ईरान तनाव, पाकिस्तान की मुस्लिम देशों को एकजुट करने की कोशिश और गाजा में शांति पहल के बीच यह बैठक निर्णायक मानी जा रही है। इसमें अर्थव्यवस्था, ऊर्जा और क्षेत्रीय संघर्षों पर रोडमैप बनेगा। एक दशक के लंबे अंतराल के बाद अरब देशों की लीग (एलएएस) की शनिवार को होने जा रही बैठक में गाजा पट्टी पुननिर्माण पर अहम चर्चा होगी। पाकिस्तान की अरब समेत मुस्लिम देशों को एक मंच पर लाने की मुहिम, ईरान और अमेरिका के बीच जारी टकराव के साथ गाजा में शांति के लिए अमेरिका की बोर्ड ऑफ पीस की पहल के बीच इस बैठक को बेहद अहम माना जा रहा है। मध्य-पूर्व और अरब के 22 देशों के इस संगठन की बैठक के बाद संयुक्त बयान भी जारी किया जाएगा।

## सुनेत्रा पवार आज ले सकती हैं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ

**मुंबई।**



महाराष्ट्र के दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की पत्नी और राज्यसभा सदस्य सुनेत्रा पवार शनिवार को महाराष्ट्र की नए उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले सकती हैं। राकांपा नेता छगन भुजबल के अनुसार शनिवार को विधायक दल की बैठक में उन्हें विधायक दल का नेता चुना जाएगा। इसके बाद उन्हें शाम को शपथ दिलाई जा सकती है। वह राज्य में इस पद को संभालने वाली पहली महिला होंगी। नागपुर में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि वे राकांपा के फैसले से सहमत हैं और भाजपा व सरकार उसका पूरा समर्थन करेंगे। शुक्रवार को राकांपा के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल पटेल, वरिष्ठ नेता एवं राज्य सरकार में मंत्री छगन भुजबल और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। चारों के बीच करीब एक घंटे बातचीत हुई। इस मुलाकात के बाद छगन भुजबल ने प्रेस से वार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री फडणवीस सुनेत्रा पवार को उपमुख्यमंत्री बनाए जाने पर सहमत हैं। भुजबल ने कहा कि कुछ परिवारों में शोककाल तीन दिन का, तो कहीं 10 दिन का होता है।

## हिंदुओं की आस्था पर प्रहार

# लड्डू प्रसादम में मिलावट करोड़ों भक्तों का अपमान टीटीडी अध्यक्ष बोले- श्रद्धा के साथ किया खिलवाड़

**तिरुपति।**



वायएसआरसीपी पर तीखा हमला करते हुए टीटीडी के अध्यक्ष बीआर नायडू ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रसिद्ध तिरुमाला मंदिर में लड्डू प्रसादम के निर्माण के दौरान वायएस जगनमोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान विशाल मिलावटी घी घोटाला हुआ है, जिसमें हानिकारक रसायनों का उपयोग किया गया। उन्होंने इस कथित मिलावट को हिंदुओं का अपमान बताया है। बीआर नायडू के अनुसार, पिछले सरकार के दौरान टीटीडी को लगभग 60 लाख किलोग्राम मिलावटी घी, जिसकी कीमत लगभग 250 करोड़ रुपये है, आपूर्ति की गई। तिरुपति में एक प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधित करते हुए टीटीडी के अध्यक्ष ने कहा कि सीबीआइ द्वारा संचालित एसआइटी की चार्जशीट, जो हाल ही में नेल्लोर एसीबी कोर्ट में दायर की गई, ने करोड़ों भक्तों के प्रति कथित अपमान, लूट और विश्वासघात को उजागर किया है। बीआर नायडू ने कहा, वायएसआरसीपी शासन में स्त्रीवारी लड्डू में हानिकारक रसायनों के साथ विशाल घी मिलावट घोटाला हिंदुओं का अपमान है। एसआइटी की चार्जशीट ने टीटीडी के अपमान, लूट और करोड़ों भक्तों के विश्वासघात को उजागर किया है। टीटीडी के अध्यक्ष के अनुसार, पिछले वायएसआरसीपी शासन ने घी खरीद टेंडरों में हेरफेर किया, पात्रता शर्तों को बदला और अयोग्य और असमर्थ कंपनियों को अनुबंध दिए। बिना पशुओं, बिना उत्पादन सुविधाओं और बिना शुद्ध घी बनाने की क्षमता वाली कंपनियों को केवल कमीशन के लिए टेंडर दिए गए।

# आज से शुरू हो जाएगा इंटरनेशनल मेला

**फरीदाबाद।**



इस बार मेला और भी ज्यादा भव्य और सुंदर होने वाला है। मेला स्थल को रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया गया है। आज से 39वें अंतराष्ट्रीय सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले का आगाज होने जा रहा है। इस बार मेला और भी ज्यादा भव्य और सुंदर होने वाला है। मेला स्थल को रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया गया है। इस बार भी देश-विदेश से लोग अपनी कला, संस्कृति, परंपरा, परिधान सहित अन्य सामग्री लेकर मेले में पहुंचे हैं, जोकि पर्यटकों को काफी पसंद आने वाला है। मेले में इस बार जोन टू हवेली में 20 फूड की स्टॉल लगाई जाएंगी। इसके साथ ही ऊपर की ओर फूड कोट में करीब 39 स्टॉल लगाई जाएंगी, जिसमें सभी राज्यों की स्टॉल होंगी। मेले में थीम स्टेट उत्तर प्रदेश व मेघालय को अलग से फूड स्टॉल लगाने की जगह दी जाएगी। इसके साथ ही आंध्र प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ सहित अन्य राज्यों के स्वादिष्ट व्यंजन चखने का मौका मिलेगा। मेले में पर्यटकों को अलग-अलग राज्यों के स्वादिष्ट व्यंजन चखने को मिलेंगे। थीम स्टेट उत्तर प्रदेश और मेघालय को मेले में अलग से जगह दी जाएगी। प्रत्येक राज्य की 40 दुकानें होंगी। मेघालय को पहली बार थीम स्टेट बनने का मौका मिला है।

**सज गया सूरजकुंड**

## एक दिन में 472 किलोमीटर रूट पर कवच सिस्टम शुरू




**नई दिल्ली।**

भारतीय रेलवे ने स्वदेशी ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम कवच 4.0 को रिकॉर्ड 472.3 किमी रूट पर एक ही दिन में लागू किया। इससे हाई-डेंसिटी रूटों पर हादसों की संभावना कम होगी और ट्रेन संचालन सुरक्षित होगा। आईए जानते है कि आखिर के कवच कहां-कहां लागू किया गया है और रेलवे सुरक्षा के लिए क्यों जरूरी है? भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। भारतीय रेलवे ने स्वदेशी ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम ह्यकवचह्न को एक ही दिन में रिकॉर्ड 472.3 रूट किलोमीटर पर लागू कर दिया है। रेल मंत्रालय ने इस बात की जानकारी शुक्रवार को दी। ऐसे में अब यह कदम रेल हादसों की रोकथाम, ट्रेनों की सुरक्षित संचालन व्यवस्था और देश के व्यस्त रेल रूटों पर सुरक्षा को नई मजबूती देने की दिशा में बेहद अहम माना जा रहा है। रेल मंत्रालय के अनुसार, नए कवच सेक्शन में वडोदरा-विरार (344 किमी) पश्चिम रेलवे, तुगलकाबाद जंक्शन केबिन-पलवल (35 किमी) उत्तर रेलवे और मानपुर-सरमतनर (93.3 किमी) पूर्व मध्य रेलवे शामिल हैं।

# उत्तर पश्चिम भारत में 3 फरवरी तक बारिश-बर्फबारी की चेतावनी, चलेंगी तेज हवाएं

**नई दिल्ली।**

1 फरवरी को हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, 1 से 3 फरवरी के दौरान उत्तराखंड, 1 और 2 फरवरी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश और 31 जनवरी से 1 फरवरी तक राजस्थान में गरज, बिजली के साथ हल्की बारिश और ओलावृष्टि व पहाड़ों पर बर्फबारी होने की संभावना है। इस दौरान कुछ जगहों पर 30–40 किमी प्रति घंटे की गति से हवाएं भी चल सकती हैं। दिल्ली–एनसीआर में वीकेंड पर फिर बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने बारिश और तेज हवाएं चलने का यलो अलर्ट जारी किया है। हिमालय में बन रहे एक और पश्चिमी विक्षोभ के कारण तीन दिनों तक बारिश का पूवार्नुमान है।

दिल्ली-एनसीआर में वीकेंड पर फिर बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने बारिश और तेज हवाएं चलने का यलो अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी विक्षोभों के सक्रिय होने से एक बार फिर मौसम करवट लेगा। हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान समेत उत्तर पश्चिम भारत और मध्य भारत में शनिवार से 3 फरवरी तक बारिश होने की संभावना है। पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी भी हो सकती है। तेज हवाएं भी चलेंगी, जिससे ठंड बढ़ सकती है। कुछ स्थानों पर सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने का भी अनुमान है। 5-7 फरवरी के दौरान एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है जो उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित कर सकता है। शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में मौसम साफ रहा, धूप खिली और ठंड थोड़ी कम महसूस की गई। मौसम विभाग के ताजा अपडेट के अनुसार, उत्तर पूर्वी ईरान के ऊपर चक्रवाती हवा के झोंके के रूप में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। दूसरा पश्चिमी विक्षोभ 2 फरवरी की रात से और तीसरा तीसरा 5 फरवरी से सक्रिय होने वाला है। इनके प्रभाव से जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद में 31 जनवरी और 2 फरवरी तक बारिश और बर्फबारी हो सकती है।



## संपादक की कलम से

# बस केंद्र का कंधा मिल जाए

फैसलों की केंद्रीय गुलामी का दस्तूर यह कि हिमाचल का अपना बजट साहसिक नहीं हो पाता। एक और केंद्र सरकार का बजट हमारे मोहल्ले को बता रहा है कि जागते रहो। कुछ ऐसे दौर हिमाचल की वर्तमान सत्ता के तीन सालों से गुजरे कि राजस्व घाटे की ग्रांट दस हजार से घट कर 3200 करोड़ पहुंच गई और गारंटियां निभाती राज्य सरकार के वित्तीय हाथ ओपीएस निभाते-निभाते छिल गए। जीएसटी का मायावी चेहरा भी राहत का पैगाम लूट कर ले गया। ऐसे में फिर वही घड़ी आ गई जो हर साल को बजट की पैरवी से बांध देती है। केंद्रीय बजट के हवाले से पर्वतीय परिवेश की अमानत का मसौदा पुन: फरियाद कर रहा है। केंद्रीय योजनाओं में पहले ही मनरेगा के पंख टूट चुके हैं, जबकि बाकी संदर्भों की आढ़त में राजनीतिक समीकरण गुंथे गए हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री की हालिया दिल्ली यात्रा कई मंत्रालयों की कुंडी खडका चुकी है। इसी परिप्रेक्ष्य में दिल्ली में सजे हिमाचल के सांसदों से सजग पैरवी की उम्मीद की जा सकती है। हिमाचल के ख्वाबों में रंग भरती फोरलेन परियोजनाओं, रेलवे विस्तार की पटरियों और कांगड़ा एयरपोर्ट की वास्तविकता को अगर केंद्र का सहारा मिले, तो यह पहाड़ी राज्य आत्मनिर्भरता के ढांचे में और पसीना बहा सकता है। कनेक्टिविटी के आधार पर अगर एक पैकेज मिल जाए, तो ऊना रेल के समानांतर कांगड़ा घाटी रेल या अंब-अंदौरा से निकल कर ट्रेन ज्वालाजी-कांगड़ा पहुंच सकती है। आत्मनिर्भरता में चिन्हित हिमाचल के प्रयासों को केंद्र का सहारा मिल जाए, तो हिमालय से निकलता पानी, भविष्य में आर्थिकी का समुद्र बन सकता है। अभी वाटर सैस के मुहाने पर केंद्र की अड़चनें हिमाचल को जीने नहीं दे रही हैं। केंद्र सरकार के उपक्रम हिमाचल से बिजली की पैदावार बढ़ा कर प्रदेश का आर्थिक संबल चुरा रहे हैं। कुछ इसी तरह शानन परियोजना का अवैध संचालन पंजाब में हमारा हक छुपा रहा है। केंद्र हमेशा डबल इंजन सरकार बनकर सोचेगा, तो हमारे हिस्से की आपदा हमीं को नोच डालेगी। अभी यूरोपीय यूनियन से हुए व्यापार समझौतों के बाद, सेब पर घट रहा आयात शुल्क हिमाचल की बागबानी को चोट ही करेगा। पचास फीसदी आयात शुल्क से घट कर सेब आयात पर अगर अब बीस फीसदी दर से ही अदायगी होती है, तो बाजार की रौनक हिमाचली सेब को रौंद देगी। हैं ज्यादतियां बहुत मगर, सियासत के लिए यह भी एक खेल है। बेशक आशाएं निकलतीं। इस बार भी भारत निर्माण के हर सुनहरे लम्हे से हिमाचल अपनी सदियां गुजारने का विश्वास रखेगा, मगर पर्वत की पीड़ा को बस पीड़ा का ही अंजाम मिलता है। मसलन हिमाचल में अगर रोपवे परियोजनाओं, पर्यटन विकास योजनाओं तथा जल, जंगल और जमीन के सही-सही इस्तेमाल को केंद्र का कंधा मिल जाए, तो यह राज्य स्वतंत्र फैसलों से अपना भविष्य लिख सकता है। यह दीगर है कि प्रदेश को चादर देखकर पांव पसारने की जरूरत है तथा अनावश्यक खर्चों से पीछे हटना होगा, फिर भी पहाड़ की बुनियाद को केंद्र की ताकतवर नीतियों, उदार आर्थिक सहयोग तथा इंफ्रास्ट्रक्चरल इनीशिएटिव की जरूरत है। उपासना से अध्ययन तक और बुनियाद से तकनीक तक पर्वतीय राज्यों के प्रति केंद्र का रवैया अगर सकारात्मक हो जाए, तो ये प्रदेश अपनी आर्थिक निर्भरता की गाड़ी खुद ही चला सकते हैं। इसके लिए केंद्र में एक पर्वतीय विकास मंत्रालय का गठन अति आवश्यक हो जाता है। हिमाचल जैसे राज्य में कई केंद्रीय संस्थानों की जरूरत है। शिक्षा-चिकित्सा के अलावा विविध मंत्रालयों के तहत ऐसे कई संस्थानों की स्थापना से पर्वत को पढ ? और आगे बढ ? की दृष्टि बदल सकती है। पर्यावरणीय जिम्मेदारी के बदले पहाड़ी राज्यों के वजूद को राष्ट्रीय आश्वासन की जरूरत है। हम किसी अन्य राज्य से विवादों की सतह तैयार नहीं कर सकते, बल्कि एक शांतिप्रिय राज्य के उदाहरण में केंद्र से इंसाफ तो मांग ही सकते हैं।



ललित शर्मा
संपादक

## कविता

### आरजू की दर्द



उदय किशोर साह

जल में तैरते मीन को तड़पते देखा
गीली लकड़ी भी हम को जलते देखा
बुढ़े को कोल्हू में जब पीसते देखा
नोनीहाल को भूख से बिलखते देखा
युवा को मदिरा की जाम में डूबते देखा
पत्थर को पर्वत पे लुढ़कते भी देखा
पत्नी को पतिदेव पे गरजते मैं देखा
वृद्ध माँ बाप को वृद्धाश्रम में रोते देखा
पर्णकुटी पे हो रहे अत्याचार को देखा
रईसजादे को खुमार से बिगड़ते देखा
रसूखदार को मृत्यु शैय्या पे मरते देखा
अभिमानी को जमीं पे गिरते भी देखा
आसमां से आग बरसते भी मैं देखा
ऊँचे महल वाले को बैचेनी में भी देखा
नावालिग को मजदूरी से पेट भरते देखा
भ्रष्ट अफसरशाही को लुटते भी देखा
निदोष को कारागार में जाते भी देखा
अपनों से अपनापन की भाव चुराते देखा
भाई भाई में दौलत के लिये टकराते देखा
धर्म के नाम पर बँटवारा की दर्द भी देखा
नेताओं को वादा खिलाफी करते देखा
जनता को वोट दे पछताते भी देखा
स्वार्थ की दीप की ऑजोर भी सबने देखा
विकास के नाम पे राजकोष को बँटते देखा
प्रगति की नाम पे मृगतृष्णा को भी देखा
गुरूदेव की आचरण को गिरते भी देखा
आशा की किरण को बुझते भी मैं देखा
झुठी इतिहास को रटाते भी मैं देखा
नतागिरी की स्तर को बद् से बद्तर देखा
बेवकूफ बनाने की राजनीति पे लुटते देखा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# ताजी मटर को छीलने के बाद हफ्ते-भर तक फ्रेश कैसे रखें? ये तरीके आएंगे काम

ताजी मटर को छीलने के बाद हफ्ते-भर तक फ्रेश रखना चाहते हैं तो एयरटाइट कंटेनर और तेल लगाने जैसे आसान तरीके अपनाएं। जानें ये घरेलू नुस्खे जो मटर की मिठास और नमी को बरकरार रखकर उन्हें सूखने और खराब होने से बचाएंगे। खासतौर पर सर्दियों में ताजी मटर खाने का स्वाद बड़ा ही टेस्टी होता है, लेकिन इसको छीलना भी थका देने वाला काम है। कई बार होता है कि हम सभी समय बचाने के लिए एक साथ बहुत सारी मटर छील कर रख देते हैं, लेकिन समस्या तब आती है जब एक-दो बाद ही वे सूखने या उनमें अंकुर भी निकलने लगते हैं। यदि गलती से इन्हें एक-दो के लिए छोड़ दिया जाए, तो यह खराब होने लगते है। मटर की मिठास और ताजगी बरकरार रखने के लिए इसे सही तरीके से स्टोर करना काफी जरुरी है।



यदि आप मटर को नमी और हवा से बचाकर रखा जाए, तो वह लंबे समय तक नरम बनी रहती हैं। इस लेख में हम आपको कुछ आसान घरेलू तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे अपनाकर आप छिली हुई मटर को हफ्ते-भर तक फ्रेश स्टोर कर सकती हैं।

**मटर को स्टोर करने का बेस्ट तरीका क्या है ?**

मटर को फ्रेश बनाए रखने के लिए सबसे आसान तरीका है एयरटाइट कंटेनर या जिप-लॉक बैग का यूज कर सकते हैं। इसके लिए मटर छीलने के बाद, उन्हें धोएं नहीं। यदि आप ऐसा करती हैं, नमी के कारण ये जल्दी खराब हो सकती हैं। यदि आप मटर को धो चुकी हैं, तो आप एक सूती कपड़े पर फैलाकर पूरी तरह सुखा लें। इसके बाद इसमें एक एयर टाइट डिब्बे में नीचे टिश्यू पेपर बिछाएं, मटर डालें और ऊपर से भी एक टिश्यू पेपर रखकर ढक्कन बंद कर दें।

**मटर को स्टोर करने के लिए अपनाएं तेल वाला नुस्खा**

अगर आप चाहते हैं कि आपकी हरी मटर बिल्कुल भी न सूखे, तो एक चम्मच सरसों के तेल या रिफाइंड का यूज कर सकती हैं। इसके लिए छिली हुई मटर को एक बर्तन में निकालें और उन पर आधा छोटा चम्मच तेल डालकर अच्छी तरह से मिला लें। तेल की पतली परत मटर के ऊपर एक लेयर बनाता है, जिससे मटर की नमी बाहर नहीं निकलती और वे सिकुड़ती नहीं हैं। तेल लगाने के बाद मटर को किसी साधारण पॉलीथीन या डिब्बे में भरकर फ्रिज में रख सकते हैं। इस तरीके से आप मटर को 8-10 दिनों तक ताजा बनाएं रख सकते हैं।

**हरी मटर को सालों-साल कैसे करें स्टोर ?**

यदि आप हरी मटर को लंबे समय तक स्टोर करना चाहती हैं, तो ब्लाचिंग अच्छा तरीका है। इसके लिए एक बर्तन में पानी उबालें और इसमें थोड़ी चीनी डालें। अब मटर को उबलते पानी में करीब 2 मिनट तक डालें। इसके बाद तुरंत मटर निकालकर ठंडे पानी में डाल दें। जब मटर पूरी तरह ठंडी हो जाएं, तो उन्हें अच्छे से सुखाकर फ्रीजर में स्टोर कर लें।

# इस लोहड़ी खुद को दें 'पटोला' लुक, ऐसे डिजाइनर पटियाला सूट बढ़ाएंगे आपकी खूबसूरती

लोहड़ी 2026 पर 'पटोला' जैसा आकर्षक लुक पाने के लिए डिजाइनर पटियाला सूट बेहतरीन विकल्प हैं। इस फेस्टिवल पर ट्रेंड में चल रहे लैवेंडर, ब्राउन एम्ब्रोइडरी और रेड पंजाबी सूट जैसे लेटेस्ट डिजाइंस को अपनाकर आप अपनी खूबसूरती को और निखार सकती हैं। लोहड़ी के त्योहार बेहद नजदीक आ चुका हैं। ऐसे में महिलाएं काफी कन्फ्यूज इस बार लोहड़ी पर्व पर क्या पहनें। अगर आप इस पर्व की उत्साहपूर्वक से सेलिब्रेट करना चाहती हैं, तो आप लोहड़ी पर ट्रेडिशनल और एथनिक आउटफिट पहन सकते हैं ये डिजाइनर पटियाला सूट। आप भी इस साल लोहड़ी पर कुछ लेटेस्ट सूट डिजाइंस को ट्राई कर सकती हैं। आइए आपको इन सूट डिजाइंस के बारे में-

**लैवेंडर कलर पटियाला सूट**

अगर आप भी लोहड़ी के खास मौके पर सबसे अलग और आकर्षक दिखना चाहती हैं, तो अपने लिए परफेक्ट आउटफिट चुनना जरूरी है। इस अवसर के लिए लैवेंडर रंग का पटियाला सूट एक शानदार विकल्प साबित हो सकता है। आजकल ऐसे सूट डिजाइन काफी ट्रेंड में हैं, जो न सिर्फ आपकी खूबसूरती को निखारते हैं बल्कि आपको एक एलिगेंट और रॉयल अंदाज भी देते हैं। यह लुक आपको भीड़ में सबसे खास बना देगा।



**ब्राउन कलर एम्ब्रोइडरी पटियाला सूट**

यदि आपको डिफरेंट लुक चाहिए और आप एलिगेंट टच चाहती हैं, तो आप इस साल लोहड़ी पर इस खूबसूरत ब्राउन कलर एम्ब्रोइडरी पटियाला सूट भी ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के पटियाला सूट आपको ऑनलाइन या ऑफलाइन खरीद सकते हैं। इन दिनों ऐसे पटियाला सूट डिजाइंस काफी ट्रेंड में है, जो लोहड़ी के फंक्शन में बेस्ट ऑप्शन हैं।

**रेड पंजाबी पटियाला सलवार सूट**

यदि आप लोहड़ी के फंक्शन में अपने लुक से सभी को खुश करना चाहती हैं और अपनी खूबसूरती में चार चांद लगाना चाहते हैं, तो इस तरह के खूबसूरत रेड पंजाबी पटियाला सलवार सूट भी एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता हैं। ऐसे सूट डिजाइंस को आप मार्केट से कपड़ा लेकर भी सिलवा सकती हैं या फिर ऑनलाइन भी खरीद सकते हैं।

**पिंक एंड येलो पटियाला सूट**

लोहड़ी के जश्न के लिए पिंक और येलो कलर का यह सुंदर पटियाला सूट भी एक बेहतरीन चुनाव हो सकता है। सही एक्सेसरीज और खूबसूरत हेयरस्टाइल के साथ आप अपने लुक को और भी निखार सकती हैं। इस तरह के ट्रेंडी पटियाला सूट आजकल आसानी से पास के मार्केट में उपलब्ध हैं, वहीं चाहें तो इन्हें ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म से भी खरीदा जा सकता है।

# सुनो नहरों की पुकार : जब आस्था पर्यावरण से संवाद करती है

आज जब हम पूजा, परंपरा और श्रद्धा की बात करते हैं, तो अक्सर भूल जाते हैं कि धर्म का मूल उद्देश्य जीवन की रक्षा है—विनाश नहीं। जल, जो जीवन का आधार है, वही यदि हमारी आस्था के नाम पर अपवित्र हो जाए, तो यह आत्ममंथन का विषय बनता है। सुनो नहरों की पुकार ऐसा ही एक जनजागरण अभियान है, जो हमें हमारी ही भूलों से रूबरू कराता है और बताता है कि सच्ची पूजा क्या है। नहरें सिर्फ.पानी का बहाव नहीं हैं। वे खेतों की हरियाली, पशुओं की प्यास, गाँवों की संस्कृति और सभ्यता की धमनियाँ हैं। इन्हीं नहरों के सहारे किसान अपने खेतों में सोना उगाता है, पशु जीवन पाते हैं और ग्रामीण समाज की अर्थव्यवस्था चलती है। परंतु आज यही जीवनरेखाएँ हमारी असावधानी और अंधी परंपराओं के कारण कराह रही हैं।

पूजा के बाद की सामग्री—मूर्तियाँ, फूल, कपड़े, प्लास्टिक, सिंदूर, अगरबत्ती, नारियल, यहाँ तक कि मृत पालतू पशु—नहरों में प्रवाहित कर दिए जाते हैं। जो कर्म श्रद्धा के नाम पर किए जाते हैं, वे दरअसल प्रकृति के विरुद्ध अपराध बन चुके हैं। इसी पीड़ा और चिंता से जन्मा सुनो नहरों की पुकार अभियान। इसकी शुरूआत रोहतक में डॉ. जसमेर सिंह हुड्डा (संयोजक) और हिसार में माननीय भूपेंद्र सिंह गोदारा के प्रयासों से हुई। यह कोई एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि वर्षों की तपस्या और निरंतर जागरूकता का परिणाम है। यह अभियान न किसी राजनीतिक लाभ के लिए है, न किसी संगठनात्मक प्रसिद्धि के लिए। इसका उद्देश्य केवल एक है—नहरों को प्रदूषण से मुक्त करना और समाज की सोच में बदलाव लाना। गुरेरा गाँव की मिट्टी से उठे मास्टर भूपेंद्र गोदारा ने इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चले अनेक जागरूक साथी—सुबेदार मेजर दलीप सिंह, टेकचन्द बागड़ी, श्री दलवीर पोटलिया, रिटायर्ड आचार्य विजेन्द्र सिंह, कृष्ण कुमार, प्राचार्य अजीत सिंह, निहाल सिंह गोदारा, श्री पवन कुमार सहित कई समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता। इन सभी का स्पष्ट विश्वास है कि जब तक समाज अपनी आदतें नहीं बदलेगा, तब तक नहरों की आत्मा को शांति नहीं मिलेगी। नियम-कानून अपनी जगह हैं, पर वास्तविक बदलाव तभी आएगा जब जनमानस जागेगा। कोरोना जैसे भयावह समय में भी यह कारवाँ नहीं रुका। रविवार हो या छुट्टी, त्योहार हो या बारिश—टीम नहरों के किनारे हाथों में तख्तियाँ लिए खड़ी दिखाई दी। तख्तियों पर लिखे वाक्य केवल नारे नहीं थे, बल्कि समाज से संवाद थे—जल है तो कल है, नहरों को प्रदूषित मत करो, आस्था है तो स्वच्छता भी हो। हिम्मत सिंह, राममूर्ति, नरेंद्र कुल्हड़िया, प्रवीण वकील, सुरेंद्र गोदारा, संदीप, सीताराम, शेर सिंह, विकास गोदारा, रामभगत पुनिया जैसे समाजसेवियों ने इस आवाज को मजबूती दी। वहीं सुमन गोदारा, संतोष गोदारा, रचना, पुष्पा, कमला, सुनीता, शीला, तारा देवी, सुदेश ढांडा जैसी महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने अभियान को सामाजिक गहराई प्रदान की। गुरेरा से इंस्पेक्टर उदयभान गोदारा ने भी लोगों से आान किया कि जब तक यह संदेश हर गली और हर घर तक नहीं पहुँचेगा, तब तक बदलाव अधूरा रहेगा। जब जीवनदायिनी जलधारा में प्लास्टिक, रसायन और जैविक कचरा घुल जाता है, तो वही जल विष बन जाता है। यह विषाक्त जल खेतों में जाता है, मिट्टी को बीमार करता है, फसलों की गुणवत्ता घटाता है और अंततः हमारे भोजन में प्रवेश करता है। यह संकट केवल कृषि तक सीमित नहीं है। नहरों का पानी पीने वाले पशु, पक्षी और अन्य जीव रोगग्रस्त हो जाते हैं। जलजनित रोग, त्वचा रोग, पाचन संबंधी समस्याएँ और दीर्घकाल में गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है। वैज्ञानिक लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि जल प्रदूषण मानव स्वास्थ्य के लिए एक मौन आपदा बन चुका है। सुनो नहरों की पुकार अभियान का मूल संदेश सीधा और स्पष्ट है—धर्म का अर्थ है प्रकृति की रक्षा। यदि भगवान सर्वव्यापी हैं, तो वे नदियों, नहरों, पेड़ों और जीवों में भी हैं। फिर उनकी पूजा के नाम पर इन्हीं तत्वों को दूषित करना कैसी आस्था है? पूजा सामग्री को नहरों में बहाना धर्म नहीं, बल्कि अधर्म है। मास्टर भूपेंद्र गोदारा का प्रश्न समाज से सीधा संवाद करता है— हे प्रभु, आपके नाम पर लोग प्रकृति का इतना अपमान क्यों कर रहे हैं? यह कैसी श्रद्धा है, जो जीवनदायिनी नहरों को विष से भर रही है? यही प्रश्न इस आंदोलन की आत्मा है।



प्रियंका सौरभ

कोई भी आंदोलन तब तक सफल नहीं होता, जब तक जनता उसका हिस्सा न बने। इस अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि यही है कि इसने हजारों लोगों की सोच बदली है। अब अनेक स्थानों पर लोग पूजा सामग्री को नहरों में बहाने के बजाय मिट्टी में दबा रहे हैं, पौधों के नीचे रख रहे हैं या जैविक खाद बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। ये छोटे-छोटे कदम दिखने में साधारण हैं, लेकिन इन्हीं से बड़े परिवर्तन जन्म लेते हैं। जब आदतें बदलती हैं, तभी संस्कृति बदलती है। सुनो नहरों की पुकार केवल एक चेतावनी नहीं, बल्कि एक सामूहिक प्रार्थना है— नहरों को स्वच्छ रखो, जीवन को सुरक्षित रखो। यदि नहरें बचेंगी तो खेत हरे-भरे रहेंगे, पशु-पक्षी सुरक्षित रहेंगे और आने वाली पीढ़ियाँ स्वच्छ जल का उपहार पाएँगी। यह अभियान हमें याद दिलाता है कि जल ही जीवन है और इसकी रक्षा करना किसी एक व्यक्ति या संगठन की नहीं, बल्कि हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। आज समय आ गया है कि हम आस्था और अंधविश्वास के बीच का अंतर समझें। सच्ची श्रद्धा वही है, जो जीवन को बचाए—न कि उसे संकट में डाले। सुनो नहरों की पुकार दरअसल हमारी अंतरात्मा की पुकार है। सवाल सिर्फ.इतना है—क्या हम इसे सुनने को तैयार हैं?

# एमएन पब्लिक इंटर कॉलेज में कैरियर काउंसलिंग विषय आधारित कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** शुक्रवार को विकास खण्ड सेमरियावा के एमएन पब्लिक इंटर कॉलेज सोनौरा गौसी में कैरियर काउंसलिंग विषय आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेडिकल तथा पैरामेडिकल के क्षेत्र में मार्गदर्शन देकर नवीन अवसर प्रदान कराने की विस्तृत जानकारी दी गयी। सेमरियावां ब्लाक क्षेत्र के एमएन पब्लिक इंटर कॉलेज सोनौरा गौसी में कैरियर काउंसलिंग विषय आधारित कार्यक्रम का संस्था के निदेशक शोएब अहमद नदवी और संचालन अफकार अहमद ने किये। इस दौरान मुख्य अतिथि ताहेरा हास्पिटल बस्ती (एक्स कार्डियोलॉजिस्ट आल इंडिया मेडिकल कॉलेज नई दिल्ली) कार्डियोलॉजिस्ट डा. सुहेल अहमद ने कहा कि जामिया हमदर्द नयी दिल्ली द्वारा ताहेरा हास्पिटल बस्ती को स्टडी सेंटर बनाया गया है अब मेडिकल व पैरा मेडिकल कोर्सेज करने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ जिसका लाभ बस्ती ही नहीं बल्कि पूर्वांचल के लोग उठा सकते हैं इससे पहले इन कोर्सेज को करने के लिए लोगों को दिल्ली जाना पड़ता था काफी रकम खर्च करनी पड़ती थी लेकिन अब यह समस्या दूर हो गई है। उन्होंने कहा कि योग्य छात्रों को स्कॉलरशिप प्रोग्राम के माध्यम से छात्रवृति देने की भी महती योजना बनाई गई है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 10+ स्टूडेंट्स को मेडिकल तथा पैरामेडिकल के क्षेत्र में मार्गदर्शन देकर नवीन अवसर प्रदान कराना है। उन्होंने बताया कि जामिया हमदर्द वोकेशनल एंड स्किल सेंटर बस्ती में डिप्लोमा इन आपथैल्मोजाली टेक्नीशियन (डीओटी), डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्निक (डीओटी) डिप्लोमा इन मेडिकल लैबोरेट्री टेक्निक (डीएमएलटी) डिप्लोमा इन मेडिकल इमेजिंग टेक्नोलॉजी (डीएमआईटी) डिप्लोमा इन ओटी एंड एनेस्थीसिया टेक्निक (डीओटीटी), डिप्लोमा इन इमरजैंसी एंड ट्रॉमा टेक्नीशियन (डीईटीसीटी), डिप्लोमा इन कार्डियोलॉजी एंड लैबोरेट्री टेक्निशियन (डीसीएलटी) में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई हैं। इसकी

शैक्षणिक योग्यता- सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी बोर्ड से 10 प्लस टू (भौतिकी रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान) न्यूनतम 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण।परीक्षा एवं प्रमाणन जामिया हमदर्द नई दिल्ली द्वारा प्रदान किया जाएगा। जेएमवीएससी, बस्ती से डिप्लोमा प्राप्त करने के उपरांत आप जामिया हम दर्द नई दिल्ली बीएससी द्वितीय वर्ष में डायरेक्ट प्रवेश ले सकते हैं।

# उपजिलाधिकारी ने लिया संज्ञान,फौरन हटाया गया पोस्टर



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जनपद के धर्मसिंहवा नगर पंचायत कार्यालय पर ईओ आशुतोष कुमार ओझा की बेतुगलकी बयान पर भड़के ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल तहसील इकाई अध्यक्ष महबूब पठान के नेतृत्व में ज्ञापन दिया। अधिशाषी अधिकारी धर्मसिंहवा द्वारा नगर पंचायत कार्यालय पर एक पोस्टर लगाया गया था जिस पर लिखा था सूचना अनुमति के बिना मीडिया का प्रवेश वर्जित है।अधिशाषी अधिकारी धर्मसिंहवा की बयान पर जीपीए प्रतिनधिमंडल द्वारा उपजिलाधिकारी को अवगत कराया गया जिस पर उपजिलाधिकारी मेंहदावल संजीव कुमार राय
। ने मामले को संज्ञान में लेकर जीपीए प्रतिनधिमंडल को आश्वस्त किया ।और ईओ द्वारा मीडिया पर लगाए गए प्रतिबंध को गलत बताया और तत्काल पोस्टर हटाने का निर्देश दिया।उपजिलाधिकारी संजीव कुमार राय ने कहा कि देश के चतुर्थ स्तंभ पर प्रतिबंध की नहीं बल्कि साथ की जरूरत हैं।इस दौरान जीपीए प्रतिनिधिमंडल में जिला संगठन मंत्री आलोक बर्नवाल,जिलाउपाध्यक्ष अतुल सिंह,जिलामिडिया प्रभारी सुनील कुमार अग्रहरि,प्रदीप वर्मा,अनूप अग्रहरि,अर्जुन सिंह,करीम मेहदावली समेत पत्रकार साथीगण उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत थाना महुली पुलिस ने युवती को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार, अपहृता बरामद

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जनपद में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा अभयनाथ मिश्र के निकट पर्यवेक्षण में थाना महुली उ0नि0 अनिल प्रकाश पाण्डेय, का0 विकास गौड, म0हे0का0 लालमुनि गुप्ता ने मु0अ0स0 39/2026 धारा 87,137(2), 351(3),352 बीएनएस थाना महुली के मामले में वांछित अभियुक्त गोपाल पुत्र स्व0 धर्णदेव निवासी कोड़रा भुवाल पट्टी थाना महुली को शुक्रवार को मैन्सीर तिराहा से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि वादिनी द्वारा दिनांक 27.01.2026 को थाना महुली पर वादिनी की पुत्री को उक्त अभियुक्त द्वारा शादी का झांसा देकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

# वाराणसी में अभिषेक शाक्य का मिसेज एशिया द्वारा चयनित कैलेंडर मॉडल के बच्चों के लिए पूर्ण सहयोग के रूप मे हुऐ सम्मानित

वेलकम इंडिया



**वाराणसी।** मिसेज एशिया द्वारा कैलेंडर मॉडल चयनित टी टी एफ फाउंडेशन के प्रतिभाशाली बच्चों के उज्वल भविष्य को समर्पित कैलेंडर लॉन्च गरिमामय एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन पहली बार वाराणसी में भारत माता मंदिर विद्यापीठ में किया गया। विशेष अवसर पर सेलिब्रिटी मिसेज एशिया विजयता सचदेवा के कर-कमलों द्वारा फाउंडेशन के विशेष कैलेंडर का भव्य लोकार्पण किया गया।जहां प्रयागराज से पहुंचे अमर स्टूडियो के ऑनर अभिषेक शाक्य ने स्पॉन्सरशिप करते हुए मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा द्वारा सपनों की उड़ान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और बच्चों का फोटोग्राफी फ्री एंड कॉस्ट करते हुए मिसेज एशिया विजयता सचदेवा के कैलेंडर लॉन्च उद्देश्य के साथ जुड़ते हुए बच्चों के सपनों को साकार करने में पूर्ण रूप से सहयोग दिया । अभिषेक शाक्य ने बताया कि उनको बच्चों के सपनों को साकार करने में ऐसे उद्देश्यों के साथ जुड़कर काफी खुशी मिल रही है और उन्हें यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि उन्हें उन बच्चों के लिए कुछ करने का मौका मिला उन्होंने ने आगे बताते हुए कहा कि जो बच्चों के सपनों को उड़ान नहीं मिलती और यहां से उनको एक उड़ान मिली और ऐसे कार्य के लिए उन्हें या मौका मिला और इस मौके का उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने आप को सौभाग्य माना कि मुझे आज यह मौका मिला और मैं आगे ऐसे उद्देश्यों के लिए सपोर्ट करता रहूंगा

सेलिब्रिटी मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा ने इससे पहले पूर्व लखनऊ में आयोजित कैलेंडर लॉन्च कार्यक्रम के बाद, बच्चों की खुशी, आत्मविश्वास और सपनों को नई दिशा देने के पुनः उद्देश्य से यह आयोजन एक बार फिर से भारत माता मंदिर में किया गया है कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों की छुपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा। कैलेंडर लोकार्पण के दौरान मिसेज एशिया विजयता सचदेवा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि टीटीएफ फाउंडेशन जैसे समाज में सकारात्मक बदलाव की नींव रखते हैं हमें अपने ऐसे उद्देश्यों को भी करने की ओर बच्चों की मुस्कान और उनके सपनों को साकार करना ही सबसे बड़ी उपलब्धि मिलती है। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। मिसेज एशिया ने बताया कि टीटीएफ फाउंडेशन निरंतर शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सामाजिक उत्थान के लिए कार्य कर रहा है।

# मोहम्मद मोकर्रम चुने गए वर्ष 2025 के सर्वश्रेष्ठ अधिवक्ता



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर दीवानी न्यायालय परिसर में सिविल बार एसोसिएशन द्वारा वर्ष 2025 के सर्वश्रेष्ठ अधिवक्ता चुने गए मो मोकर्रम एडवोकेट को शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। सेमरियावां निवासी मो मोकर्रम सीनियर वकील हैं।वकालत पेशे में विगत तीस साल से ईमानदारी और लगन के साथ सक्रिय हैं।

वादकारियों एवं समझ हित से निरंतर जुड़े हुए हैं। मो मोकर्रम की इस उपलब्धि पर सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद पाठक,महामंत्री निरंजन सिंह,सरफराज अहमद,प्रदीप कुमार पांडे, महीप बहादुर पाल,दिनेश चंद पांडे सहित सेमरियावां क्षेत्र के मशहूर आलम चौधरी,मुनीर हसन चौधरी,मो अहमद,गौहर अली खान,जफीर अली करखी, अनवार आलम चौधरी,प्रिंसिपल मुजिबुल्लाह,शमशेर अहमद प्रधान,अबरार अहमद प्रधान,फैजान अहमद आदि क्षेत्रवासियों ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दिया है।

# पुलिस अधीक्षक ने यूपी-112 पीआरवी कर्मियों को किया



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में यूपी-112 पीआरवी वाहनों पर तैनात कर्मचारियों को तलब किया गया। इस दौरान कार्य में शिथिलता विशेषकर रिस्पॉन्स टाइम अधिक होने पर गंभीर नाराजगी व्यक्त की गई। रिस्पॉन्स टाइम में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों का जबाब असंतोषजनक पाए जाने पर 15 दिवस का वेतन रोके जाने व दलेल करने का आदेश दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी पीआरवी कर्मियों को भविष्य में रिस्पॉन्स टाइम में सुधार लाने, ड्यूटी के प्रति पूर्ण जिम्मेदारी निभाने तथा आमजन को त्वरित व प्रभावी सहायता प्रदान करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। साथ ही फीडबैक सुधारने हेतु भी सख्त हिदायत दी गई।

मु0आ0 सन्तोष शुक्ला, म0मु0आ0 पुष्पा शर्मा, म0आ0 किरण यादव, हो0चा0 अयोध्या प्रसाद को फीडबैक खराब होने व आ0 किशन कुमार, आ0 पवन कुमार यादव, आरक्षी अंजेश चौहान, हो0चा0 धर्मेन्द्र कुमार, हो0चा0 विजय मिश्रा का रिस्पॉन्स टाइम ठीक न होने के कारण 15 दिवस का वेतन रोके जाने व दलेल करने का आदेश दिया गया।

# नकदी व महत्वपूर्ण दस्तावेजों सहित सुरक्षित किया सुपुर्द।

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, पुलिस अधीक्षक बागेश्वर, मित्र पुलिस 'मित्रता, सेवा और सुरक्षा' के अपने ध्येय वाक्य को निरंतर चरितार्थ कर रही है।जिला मुख्यालय में यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु लगातार उत्कृष्ट कार्य करने वाले यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक चन्दन सिंह भण्डारी एवं यातायात पुलिस टीम पुराने सरयू पुल क्षेत्र में यातायात व्यवस्था हेतु मुस्तैद थी। ड्यूटी के दौरान पुलिस टीम को पुल पर एक लावारिस पर्स पड़ा हुआ मिला।यातायात प्रभारी द्वारा पर्स की जाँच करने पर उसमें लगभग 3,800 की नकदी, ड्राइविंग लाइसेंस, बैंक एटीएम कार्ड और पैन कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए।टीएसआई चंदन सिंह ने मानवीयता की मिसाल पेश करते हुए पर्स में मौजूद दस्तावेजके आधार पर तत्काल वास्तविक व्यक्ति की खोजबीन हेतु ड्राइविंग लाइसेंस के आधार पर पर्स स्वामी की पहचान कमल जोशी पुत्र हरिश्चंद्र जोशी निवासी बिलोनासेरा के रूप में हुई।यातायात पुलिस टीम द्वारा तत्काल उक्त व्यक्ति से संपर्क कर उन्हें मौके पर बुलाया गया। पूर्ण तहकीकात और पहचान की पुष्टि करने के उपरांत, उनका पर्स समस्त दस्तावेजों एवं नकदी सहित सुरक्षित रूप से सुपुर्द किया गया।खोए पर्स और कीमती सामान और जरूरी दस्तावेज सुरक्षित वापस पाकर कमल जोशी ने बागेश्वर पुलिस की ईमानदारी और कार्यकुशलता की भूरि-भूरि सराहना की और पुलिस टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया।वही विभिन्न सामाजिक संगठनों और नगरवासियों ने यातायात प्रभारी की ईमानदारी की भूरी भूरी प्रसंसा की है।

# पर्यावरण एवं स्वच्छता क्लब द्वारा नोंवा स्थापना दिवस दृष्टि बाधित बच्चों के साथ मनाया

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार



**मेरठ।** पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यरत पर्यावरण एवं स्वच्छता क्लब द्वारा बृजमोहन ब्लाइंड स्कूल, लोहियानगर में संस्था का नोंवा स्थापना दिवस दृष्टि बाधित बच्चों के साथ केक काटकर भावपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक संवेदनशीलता के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऊर्जा राज्यमंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर ने पर्यावरण एवं स्वच्छता क्लब द्वारा किए जा रहे निरंतर सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य मिल सके। अतिविशिष्ट अतिथि एवं पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता और स्वास्थ्य का गहरा संबंध है। स्वच्छ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है, इसलिए स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए। इस अवसर पर पर्यावरण एवं स्वच्छता क्लब के निदेशक आयुष एवं पीयूष गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि क्लब का मुख्य उद्देश्य निस्वार्थ भाव से समाज सेवा करना है। उन्होंने बताया कि अब तक क्लब द्वारा 10,000 से अधिक पौधारोपण किए जा चुके हैं तथा पर्यावरण, जल संरक्षण एवं स्वच्छता जैसे विषयों पर 200 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में आयोजित किए जा चुके हैं। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि आईएमए अध्यक्ष डॉ. मनीषा त्यागी ने जल संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। जल संरक्षण केवल सरकार की नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

# प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कीर्तिका अग्रवाल ने छात्राओं को किया स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक

वेलकम इंडिया

**प्रयागराज।** आज श्री नारायण आश्रम बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज, शिवकोटी, प्रयागराज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अइश्ढ) काशी प्रांत के तत्वावधान में छात्राओं के लिए स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रयागराज की जानी-मानी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कीर्तिका अग्रवाल जी उपस्थित रहीं। डॉ. कीर्तिका अग्रवाल जी ने छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक बदलाव, व्यक्तिगत स्वच्छता, मासिक धर्म स्वच्छता, संतुलित आहार एवं स्वस्थ दिनचर्या के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वच्छता और सही स्वास्थ्य आदतें अपनाकर अनेक गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और स्वास्थ्य से जुड़े अपने सवाल पूछे, जिनका डॉ. अग्रवाल जी ने सहज, सरल और वैज्ञानिक तरीके से समाधान किया। उनके मार्गदर्शन से छात्राओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और आत्मविश्वास देखने को मिला।

# ‍१सहारा हॉस्पिटल नोएडा के सौजन्य से लगा आंखों का निशुल्क कैंप।

**बुगरासी** ।स्याना तहसील क्षेत्र के गांव बिगराऊ में शुक्रवार को सहारा हॉस्पिटल नोएडा के सौजन्य से आंखों का जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें में गांव वासियों ने अपने ब्लड शुगर बी पी बुखार व आंखों की जांच कराई। डॉ नवीन कुमार ने बताया कि गांव से लगभग 40 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई है जांच के अनुसार सभी मरीजों को उनके रोग के हिसाब से ही निशुल्क दवाई वितरण की है।सहारा हॉस्पिटल के डॉक्टर गोपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन मरीजों की आंखों की जांच करके उनमें जो भी बीमारी आई है उनके हिसाब से उन्हें फ्री निशुल्क दवाई वितरण की है।

# सांसद अरुण गोविल को भेंट की गई ह्यभविष्य मालिका पुराण, कलयुग और भविष्य को लेकर किए गए दावे

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार



**मेरठः** रामानंद सागर की रामायण में भगवान राम की भूमिका से प्रसिद्ध रहे और वर्तमान में सांसद अरुण गोविल को आज एक प्राचीन धार्मिक ग्रंथ ह्यभविष्य मालिका पुराणह्व भेंट किया गया। यह ग्रंथ लगभग 600 वर्ष पूर्व ताड़पत्रों पर लिखा गया बताया जाता है।इस अवसर पर तेजुष कोशिश, अमन गुप्ता, राजकुमारी, मधु शर्मा, और राज कौशिक ने सांसद आदरणीय अरुण गोविल जी को भविष्य मालिका पुराण के ऐतिहासिक और धार्मिक संदर्भों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भविष्य मालिका पुराण की रचना प्रभु जी के पंचसंखाओं द्वारा की गई थी। ग्रंथ में कलयुग, संधि काल और भविष्य में घटित होने वाली घटनाओं को लेकर कई भविष्यवाणियाँ दर्ज होने का दावा किया गया है। ग्रंथ के अनुसार, कलयुग का अंत हो चुका है और वर्तमान समय को संधि काल कहा गया है।इसमें उल्लेख है कि 2032 से संपूर्ण सतयुग का प्रारंभ होगा। इस संक्रमण काल के दौरान पंचभूत प्रलय की संभावनाओं का वर्णन किया गया है। भविष्य मालिका पुराण में कथित रूप से 64 प्रकार की बीमारियों का प्रकोप, अग्नि प्रलय, जल प्रलय, भीषण भूकंप, तथा तृतीय विश्व युद्ध का उल्लेख मिलता है।ग्रंथ के अनुसार, तृतीय विश्व युद्ध की शुरूआत भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष से होने की बात कही गई है। सांसद आदरणीय अरुण गोविल जी ने इस अवसर पर ग्रंथ को श्रद्धापूर्वक स्वीकार किया और प्रस्तुत जानकारी को गंभीरता से सुना।

# जिलाधिकारी ने वीर अमर शहीदों को नमन कर दी श्रद्धाजलि



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर**,शहीद दिवस के अवसर पर भारत को स्वतंत्रता दिलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हुए देश को आजादी दिलाने हेतु अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में कलेक्ट्रेट परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान उपस्थित सभी लोगों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।कार्यक्रम में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे, अपर जिलाधिकारी एन. एस. नबियाल सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं आम नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर शहीदों के त्याग, बलिदान एवं देशप्रेम को नमन किया।डीएम आकांक्षा ने अपने सम्बोधन में कहा कि शहीद दिवस हमें देश की आजादी के लिए किए गए।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत गौरव अवॉर्ड्स 2026 का हुआ भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया

**नई दिल्ली,** विवेक जैन। देश के महान स्वतंत्रता सेनानी, आजाद हिंद फौज के संस्थापक एवं स्वतंत्रता संग्राम के नायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की स्मृति में नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत गौरव अवॉर्ड्स 2026 का भव्य एवं गरिमामय आयोजन शाह ऑडिटोरियम, राजनिवास मार्ग, सिविल लाइंस, दिल्ली में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ दीपक मित्तल, संस्थापक एवं चेयरमैन, उड़ान एक पहल फाउंडेशन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज और राष्ट्र के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित करना तथा युवाओं को देशसेवा के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम नेताजी सुभाष चंद्र बोस के देशभक्ति, साहस, अनुशासन और त्याग के आदर्शों से प्रेरित रहा। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद, मानवाधिकार कार्यकर्ता, प्रोफेशनल्स एवं विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शोभा मुख्य अतिथियों के रूप में यदविंदर सिंह संधू - शहीद भगत सिंह के पौत्र, लेफ्टिनेंट जनरल एबी शिवाने, राज शेखावत - राष्ट्रीय करणी सेना, जय भगवान गोयल - यूनाइटेड हिंदू फ्रंट, महंत वरुण शर्मा - प्राचीन हनुमान मंदिर, मरघट वाले एवं विनय चौधरी - भाजपा नेता की गरिमामयी उपस्थिति से बढ़ी। समाज सेवा, शिक्षा, मानवाधिकार, राष्ट्र निर्माण एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को भारत गौरव अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अति-विशिष्ट अतिथि के रूप में सविता अरोड़ा, ईशा सक्सेना, मनोज बाबा, राधे श्याम बंसल, योगेंद्र अग्रवाल एवं अश्वनी कुमार उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। मीडिया को संबोधित करते हुए डॉ दीपक मित्तल ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज के उन नायकों को पहचान दिलाते हैं जो निस्वार्थ भाव से देश और समाज की सेवा कर रहे हैं।



# इंक्रेडिबल केयर प्रोफेशनल ने बड़ौत में किया मास्टर मेकअप क्लास का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया




बागपत, उत्तर प्रदेश। विवेक जैन। बड़ौत नगर के न्यू इंड़ियन फूड़ रेस्टोरेंट में इंक्रेडिबल केयर प्रोफेशनल द्वारा एक दिवसीय मास्टर मेकअप क्लास का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महामहिम राष्ट्रपति जी व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार व इंटरनेशनल अवार्डी विपुल जैन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध मेकअप आर्टिस्टों में शुमार मोनू ठाकुर ने उपस्थित सैंकड़ो महिलाओं व लड़कियों को मेकअप की जानकारी दी। आयोजित कार्यक्रम में एयर ब्रुश मेकअप के बारे में बताया गया और एयरब्रुश मेकअप और पार्टी मेकअप का डेमो दिया गया। इंक्रेडिबल केयर के जीएम सत्यम गर्ग ने इंक्रेडिबल केयर के प्रोडक्टस से महिलाओं व लड़कियों को अवगत कराया और कार्यक्रम के शानदार आयोजन के लिए यूपी की आरएसएम तन्नू धामा और जेडएसएम अंजली रोहिल्ला की जमकर प्रशंसा की। साथ ही साथ उन्होने कार्यक्रम में आये अतिथियों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं व लड़कियों को सर्टिफिकेट देकर और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरला, प्रेरणा, अनिल, प्रिंस, वंश रोहिला, फौजी प्रवीण तोमर, मेघा गुप्ता सहित सैंकड़ो महिला व लडकिया उपस्थित रही।

## एसीपी ने इंस्पेक्टर, दरोगा, सिपाही को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

वेलकम इंडिया

**लखनऊ** ।माल थाना क्षेत्र अंतर्गत कानून व्यवस्था बनाये रखने व बीते कई त्योहारों को शांतिपूर्ण, व भयमुक्त माहौल में संपन्न कराने को लेकर सहायक पुलिस आयुक्त सुजीत कुमार दुबे ने इंस्पेक्टर नवाब अहमद, उप निरीक्षक हरिओम राणा सहित आरक्षी आशीष सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शुक्रवार को थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था संघारण एवं उत्कृष्ट योगदान देने वाले इंस्पेक्टर नवाब अहमद, उप निरीक्षक हरिओम राणा आरक्षी आशीष सिंह एसीपी ने सम्मानित किया है।बीते कई त्यौहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए।इन त्यौहार में ट्रैफिक व्यवस्था से लेकर सुरक्षा व्यवस्था तक दुरुस्त दिखी थी।यातायात को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। जिस कारण क्षेत्र में बीते त्योहार शांतिपूर्ण व सोहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुए थे।एसीपी ने सभी पुलिस कर्मियों को भविष्य में निष्ठा व लग्न के साथ काम करने व अपने मनोबल को ऊंचा रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में इसी प्रकार कार्य करते हुए पुलिस की गरिमा को बनाये रखने के लिए अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें।

## श्री गौतम ऋषि आश्रम में धूमधाम से सम्पन्न हुआ पण्डित बिहारी दास त्यागी महाराज का अष्ट-दिवसीय वार्षिक महोत्सव

(डॉ. गोपाल चतुवेर्दी)




**वृन्दावन** ।वाराह घाट-परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीगौतम ऋषि आश्रम में चल रहा निंबार्क संस्कृत महाविद्यालय एवं गौतम ऋषि आश्रम के संस्थापक सन्त शिरोमणि पण्डित बिहारी दास त्यागी महाराज का अष्ट-दिवसीय वार्षिक महोत्सव अनंतश्री विभूषित मुकुंद शरण बाबा महाराज एवं श्रीमहंत सर्वेश्वर शरण महाराज (मामाजी) के पावन सानिध्य में अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ।जिसके अंतर्गत प्रख्यात भागवताचार्य पण्डित रमेश चंद्र शास्त्री महाराज के द्वारा समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को सप्तदिवसीय श्रीनिंबार्क भागवत कथा श्रवण कराई गई।इसके अलावा प्रख्यात रासाचार्य स्वामी भुवनेश्वर वशिष्ठ के निर्देशन में रासलीला का अत्यन्त नयनाभिराम व चित्ताकर्षक मंचन किया गया तथा सरस भजन संध्या आयोजित हुई।जिसमें प्रख्यात भजन गायक बनवारी महाराज (मुम्बई) के द्वारा ठाकुरश्री राधा कृष्ण की महिमा से ओत-प्रोत भजनों का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन किया गया।इससे पूर्व महावाणी पाठ किया गया।साथ ही निंबार्क संप्रदाय के संतो के द्वारा मंगल बधाई समाज गायन भी हुआ। श्रीगौतम ऋषि आश्रम के श्रीमहंत सर्वेश्वर शरण महाराज (मामाजी) ने कहा कि हमारे दादा गुरु सन्त शिरोमणि पण्डित बिहारी दास त्यागी महाराज निंबार्क संप्रदाय की बहुमूल्य निधि थे।उन्होंने ही प्रभु भक्ति व धर्म-अध्यात्म के प्रचार-प्रसार हेत श्रीगौतम ऋषि आश्रम की स्थापना की थी।जिसके द्वारा साधु-सन्त सेवा, गौ-विप्र सेवा, नित्य अन्न क्षेत्र, श्रीहरिनाम संकीर्तन आदि अनेकानेक सेवा प्रकल्प निस्वार्थ भाव से चलाए जा रहे हैं। महोत्सव में प्रख्यात सन्त प्रेमानंद महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी हेमकांत शरण देवाचार्य महाराज (मदन मोहन कुंज), प्रख्यात साहित्यकार ?यूपी रत्न? डॉ. गोपाल चतुवेर्दी, महामंडलेश्वर स्वामी राधाप्रसाद देव जू महाराज, भागवताचार्य डॉ. अशोक शास्त्री (करौली), ब्रजबिहारी शास्त्री, हरि बाबू (मथुरा), दशरथ सिंह (जयपुर), बाबू सिंह राजावत, सुरेश माथुर, किशन यादव, महंत संतदास महाराज, श्रीमहंत चन्द्रदास महाराज, महंत मोहिनी शरण महाराज, महंत हरिशंकर नागा, पंडित ओमप्रकाश शास्त्री, बाबा प्रेम दास एवं डॉ. राधाकांत शर्मा आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।महोत्सव का समापन महंतों के सम्मान एवं सन्त, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा (वृहद भंडारे) के साथ हुआ।जिसमें असंख्य व्यक्तियों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

## अनियंत्रित हो बाइक पेड़ से टकरा तालाब में जा गिरी

वेलकम इंडिया फतेह खान



**शुजागंज अयोध्या** कोतवाली रूदौली क्षेत्र केमिर्जा पुर गांव के निकट अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकरा कर बाइक सवार मय मोटरसाइकिल तालाब में जा गिरा हादसे की सूचना पर पुलिस पुलिस ने तालाब से युवक को बाहर निकाल उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरनपुर में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में ले पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली रुदौली क्षेत्र के अंतर्गत परशुरामपुर गांव थाना रौनाही निवासी आकाशदीप शुक्ला पुत्र हनुमान दत्त शुक्ला अपनी बाइक से अमानीगंज से रुदौली की तरफ जा रहा था। तभी मिजापुर गांव में तीव्र मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई टकराने के पश्चात बाइक सवार अपनी मोटरसाइकिल समेत तालाब में जा गिरा। डायल 100 की सूचना पर स्थानीय थाना पर सूचना दी गई की तालाब में सब पड़ा हुआ है सूचना मिलते ही रुदौली पुलिस ने मौके पर पहुंचे युवक को बाहर निकलवा उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरनपुर में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में ले पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

## ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत बाबूगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़** ।पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र मेरठ के निदेर्शानुसार जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अंतर्गत थाना बाबूगढ़ पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध असलहा बरामद किया है ।थाना बाबूगढ़ पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी है ।इस संबंध में थाना बाबूगढ़ प्रभारी निरीक्षक मुनिष प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद में अपराध एवं अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है।

## पत्रकार गुफरान करीम ने पेश की मानवता की मिसाल, सड़क हादसे में घायलों को समय पर पहुँचाया



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़** ।जनपद में शुक्रवार को मानवता और संवेदनशीलता की एक सराहनीय मिसाल देखने को मिली। सैफी इस्लाही मजलिस के संगठन मंत्री एवं पत्रकार सुरक्षा समिति के जिला अध्यक्ष पत्रकार गुफरान करीम ने सड़क दुर्घटना में घायल दो व्यक्तियों की तत्परता से मदद कर उन्हें समय पर उपचार उपलब्ध कराया ।कुत्ते के अचानक सामने आने से अनियंत्रित हुई बाइक घटना शुक्रवार, 30 जनवरी 2026 की है। दोपहर करीब 1:00 बजे लालपुर से तातारपुर बाईपास के बीच किठोर फ्लाईओवर (चैनल नंबर 27+400) के पास मेरठ की ओर से आ रहे दो बाइक सवारों के सामने अचानक एक कुत्ता आ गया। कुत्ते को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे दोनों सवार गंभीर रूप से घायल हो गए ।घायलों की पहचान सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्तियों की पहचान इस प्रकार है घनश्याम (50 वर्ष) पुत्र श्री पन्नालाल, निवासी ग्राम शाहबाजपुर, जिला अमरोहा ।विनोद (35 वर्ष) पुत्र श्री रोहण शर्मा, निवासी ग्राम शाहबाजपुर, जिला अमरोहा ।पत्रकार गुफरान करीम की तत्परता से मिला तत्काल उपचार मौके से गुजर रहे पत्रकार गुफरान करीम ने बिना समय गंवाए दुर्घटना का संज्ञान लिया और तत्काल 1033 हेल्पलाइन पर कॉल कर नेशनल हाईवे एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पैरामेडिकल स्टाफ नवनीत कुमार मौके पर पहुँचे और घायलों को प्राथमिक उपचार प्रदान किया ।स्थानीय लोगों ने पत्रकार गुफरान करीम की सजगता, मानवीय संवेदना और सेवा भाव की खुले दिल से प्रशंसा की है। उनका यह कार्य समाज में प्रेरणा का स्रोत बन गया है।

## डॉ. अंबेडकर, चंद्रशेखर आजाद व दलित समाज पर अभद्र टिप्पणी से आक्रोश, आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़** जनपद में भारतीय संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर, आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद एवं दलित समाज को लक्षित कर सोशल मीडिया पर की जा रही अभद्र टिप्पणियों को लेकर दलित समाज में भारी रोष व्याप्त है। समाज के लोगों का कहना है कि ऐसे मामलों में पुलिस द्वारा कार्रवाई तो की जाती है, लेकिन अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) अधिनियम के तहत सख्त धाराएं न लगने से आरोपियों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं ।ताजा मामला शुक्रवार का बताया जा रहा है, जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुई। वायरल वीडियो में एक युवक द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर, एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद व दलित समाज के खिलाफ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज और अभद्र टिप्पणी की जा रही है। वीडियो के वायरल होते ही हापुड़ में दलित समाज के लोगों में आक्रोश फैल गया ।जानकारी के अनुसार, वीडियो में अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक की पहचान हापुड़ नगर कोतवाली क्षेत्र के गांव सबली निवासी विक्रांत उर्फ बिल्लू के रूप में हुई है। इसके विरोध में शोषित क्रांति दल के वरिष्ठ कार्यकर्ता अजब सिंह के नेतृत्व में समस्त दलित समाज के लोग हापुड़ नगर कोतवाली पहुंचे और आरोपी युवक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस प्रशासन को एक लिखित पत्र सौंपा ।इस दौरान अजब सिंह के साथ विनीत कुमार, एडवोकेट सोनू कुमार, रोहन, गौरव जाटव, सोनू, आकाश कुमार, विकास कुमार, हर्ष कुमार, कुलदीप कुमार, निशांत, मनीष कुमार, हितेश कुमार, मोनू जाटव, सुरेंद्र उर्फ लाला, सनी सिंह, पवन कुमार, आदित्य कुमार जाटव, सतीश आजाद, नितिन कुमार, सनी कुमार, मयंक जाटव, बिट्टू सिंह, आशु, तरुण व देवा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पंजाब एंड सिंध बैंक का एमएसएमई सेक्टर को बड़ा संबल

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ




**नोएडा** ।पंजाब एंड सिंध बैंक, आंचलिक कार्यालय नोएडा द्वारा गौर सिटी, नोएडा में एमएसएमई शिखर समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व आंचलिक प्रबंधक श्री महेश सभरवाल ने किया। समारोह का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को प्रोत्साहित करना तथा उनके सतत विकास को गति प्रदान करना रहा ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंकज द्विवेदी, महाप्रबंधक, पंजाब एंड सिंध बैंक की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने अपने संबोधन में एमएसएमई क्षेत्र को देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए उद्यमियों को बैंक की विभिन्न ऋण एवं वित्तीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर पंकज द्विवेदी द्वारा अंचल-नोएडा के एमएसएमई ग्राहकों को ?86.00 करोड़ के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए, जिससे उपस्थित उद्यमियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। समारोह में बड़ी संख्या में एमएसएमई उद्यमी, बैंक अधिकारी एवं अन्य हितधारक उपस्थित रहे। कार्यक्रम सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुआ और यह आयोजन पंजाब एंड सिंध बैंक की एमएसएमई क्षेत्र के प्रति प्रतिबद्धता एवं वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ। एमएसएमई शिखर समारोह ने क्षेत्रीय आर्थिक विकास को सशक्त बनाने के बैंक के संकल्प को और अधिक मजबूत किया।

# भारत में वैश्विक संवादों की बाढ़ -भारत-अरब विदेश मंत्रियों की बैठक :दस वर्षों बाद ऐतिहासिक पुनरागमन

वेलकम इंडिया




**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर वर्ष 2026 की शुरूआत विश्व राजनीति और वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए असाधारण परिस्थितियों में हो रही है। एक ओर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ बम से वैश्विक व्यापार में मंदी की आशंकाएँ गहराती जा रही हैं, वहीं दूसरी ओर इस्लामी देशों के बीच एक नए रणनीतिक गठजोड़, जिसे कई विश्लेषक इस्लामी नाटो की दिशा में बढ़ता कदम मान रहे हैं, ने अंतरराष्ट्रीय शक्ति संतुलन को नई दिशा दी है। ऐसे समय में भारत का वैश्विक मंच पर उभरना केवल एक क्षेत्रीय शक्ति के रूप में नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद कूटनीतिक धुरी के रूप में हो रहा है ।लगातार फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स, बहुपक्षीय सम्मेलनों और रणनीतिक संवादों की मेजबानी से भारत यह संकेत दे रहा है कि 21वीं सदी की वैश्विक राजनीति में वह केवल दर्शक नहीं, बल्कि निर्णायक भूमिका निभाने को तैयार है ।अमेरिका की संरक्षणवादी नीतियों और बढ़ते टैरिफ दबाव के बाद दुनियाँ के कई देश वैकल्पिक आर्थिक और कूटनीतिक मंचों की तलाश में हैं। इसी पृष्ठभूमि में भारत में एक के बाद एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित होना किसी संयोग का परिणाम नहीं है ।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि यूरोपीय यूनियन के 27 देशों के साथ ऐतिहासिक फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के बाद अब 30-31 जनवरी 2026 को नई दिल्ली में 22 अरब देशों के विदेश मंत्रियों का विशेष सम्मेलन आयोजित होना भारत की कूटनीतिक क्षमता और विश्वसनीयता का प्रमाण है। यह सम्मेलन केवल एक औपचारिक बैठक नहीं, बल्कि वैश्विक व्यवस्था में भारत की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित करने वाला एक मील का पत्थर साबित हो सकता है ।ट्रंप, जो अपनी अमेरिका फर्स्ट नीति के लिए जाने जाते हैं, भारत के प्रति एक यथार्थवादी और सम्मानजनक दृष्टिकोण अपनाते दिखाई दे रहे हैं। लगातार भारत में हो रहे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों और व्यापारिक समझौतों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वैश्विक राजनीति में भारत को नजर अंदाज करना अब संभव नहीं है। ट्रंप द्वारा भारत का लोहा मानना इस बात का संकेत है कि अमेरिका भी यह समझ चुका है कि एशिया और वैश्विक दक्षिण में स्थिरता और आर्थिक संतुलन के लिए भारत की भूमिका अपरिहार्य है। साथियों बात अगर हम नई दिल्ली:वैश्विक कूटनीति का केंद्र इसको समझने की करें तो, 30- 31 जनवरी 2026 को नई दिल्ली केवल भारत की राजधानी नहीं, बल्कि वैश्विक कूटनीति का केंद्र बन जाएगी। 22 अरब देशों के विदेश मंत्रियों की उपस्थिति इस बात का संकेत है कि भारत पर वैश्विक भरोसा बढ़ रहा है। यह सम्मेलन भविष्य के कई अंतरराष्ट्रीय संवादों के लिए मार्ग प्रशस्त कर सकता है, जिनकी मेजबानी भारत करेगा ।भारत-अरब विदेश मंत्रियों का यह सम्मेलन केवल अतीत की उपलब्धियों की समीक्षा नहीं, बल्कि भविष्य की रणनीति तय करने का अवसर है। वैश्विक मंदी, क्षेत्रीय संघर्ष और ऊर्जा संक्रमण जैसे मुद्दों पर साझा दृष्टिकोण विकसित करना समय की मांग है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी पात्रों को नहीं अपात्रों को मिले आवास




**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर** नगीना। समाज सेवी दीवाकर राजपूत ने मुख्यमंत्री समेत कई आला अफसरो को शिकायती पत्र भेजकर प्रधानमंत्री नगर पालिका कर्मी व डूडा विभाग के जेई पर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ अपात्रों को ही दिलाने का आरोप लगाते हुए अपात्रों के नाम आये है जो रिश्वतखोरी का प्रमाण है। उन्होंने जिन लाभार्थियों के नाम मकान आए हैं उनकी जांच व अवैध वसूली करने वाले संबंधित कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मंडल आयुक्त मुरादाबाद, एवं जिलाधिकारी बिजनौर को भेजी शिकायत में दिवाकर कुमार ने कहा है की भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र में 545 आवास आए हैं, उन्होंने कहा कि डूडा विभाग के जेई, नगर पालिका के सभासदो एव नगर पालिका कर्मचारियों से मिलकर ऐसे लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया है जिनके लाखों लाखों रुपए की लागत से बने आलीशान मकान है जो पहले से ही बने हुए हैं। जबकि नगर पालिका वार्डो, मोहल्लों में कच्चे मकानो में रह रहे गरीब, असहाय, बेबस, मकान हिन, और मजदूरों जो पात्र की श्रेणी मे आते हैं उनको आवास योजना का लाभ नहीं दिलाया गया है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि जिन लोगों के आवास आए हैं उनसे डूडा विभाग के जेई, वार्ड सभासद और नगर पालिका कर्मचारी 25 से 30 हजार रुपए तक की अवैध वसूली कर रहे हैं जिनमें कुछ सभासदों के नाम भी सुर्खियों में है और पालिका कर्मचारियों के भी। पत्र में यह भी आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में नगर पालिका के पूर्व मे निर्वाचित सभासदों ने अपने और अपने निजी परिजनो के नाम आवास योजना का लाभ लिया है। पत्र में यह भी आरोप लगाया है कि जिन अपात्र लाभार्थियों के नाम आवास आए हैं पालिका कर्मचारी एवं डूडा विभाग के जेई घर-घर जाकर उनसे 25 से 30 हजार रुपए तक अवैध वसूली कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मंडल आयुक्त व जिलाधिकारी से मोहल्ला चौधराना, पहाड़ी दरवाजा, मनिहारी सराय, शेख सराय, लाल सराय, लोहारी सराय, मनिहारी सराय, मोहल्ला जति, आजाद कॉलोनी लाइन पार, समेत सभी 25 वार्डों में जिन अपात्र लाभार्थियों के नाम आवास है उनकी जांच कराने और जांच में सही पाए जाने पर अपत्रों एवं अवैध वसूली कर रहे पालिका कर्मचारी एवं डूडा विभाग के जेई व उन सभासदों के विरुद्ध कार्रवाई कर आवास योजना के नाम से दी गई धनराशि वापस कराए जाने की मांग की है। नगीना बॉक्स। प्रधानमंत्री आवास योजना को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा रहे डूडा विभाग के जेई को नगर पालिका धामपुर चेयरमैन व सभासदो ने स्टिंग ऑपरेशन चलाकर उसे रंगे हाथों पड़कर यह सिद्ध कर दिया है कि गरीबों के हक पर भी डाका डाला जा रहे है। यदि जिलाधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना में जिन लोगों पात्र ओर अपात्रो की जांच कराऐ तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। ओर जांच होने तक जिन लोगों को आवास योजना में पहली किस्त के रूप में एक-एक लाख रुपया दिया गया है उनकी दूसरी किस्त पर रोक लगाऐ साथ ही आवास योजना में भ्रष्टाचार करने वाले जिन्होंने योजना का लाभ अपात्रों को दिलाने वाले डूडा विभाग, नगर पालिका कर्मचारी और उन सभासदों के खिलाफ भी न करें ताकि भविष्य में आवास योजना का लाभ पात्र लोगों को ही मिल सके।

# द्वितीय बैच का ग्राम प्रधान, वार्ड मेंबर, क्षेत्र पंचायत सदस्य, पंचायत सहायक एवं सचिवों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




**जनपद बिजनौर** कोतवाली। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अन्तर्गत उपनिदेशक पंचायत मुरादाबाद मंडल मुरादाबाद के मार्गदर्शन में द्वितीय बैच का विकासखंड सभागार कोतवाली में ग्राम पंचायत विकास योजना, क्षेत्र पंचायत विकास योजना एवं जिला पंचायत विकास योजना निर्माण के विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम प्रधान वार्ड मेंबर क्षेत्र पंचायत सदस्य पंचायत सहायक एवं सचिवों को ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण की प्रक्रिया को समझाया प्रशिक्षण में प्रशिक्षक जितेंद्र कुमार द्वारा सतत विकास के 17 लक्ष्यों पर चर्चा की गई। आपके द्वारा बताया गया कि सभी लक्ष्यों को 2030 तक हमें प्राप्त करना है। सतत विकास के लक्ष्यों के स्थानीयकरण विषय पर आधारित 09 थीम पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक कुलवीर सिंह, मौहम्मद वसीम द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण के मुख्य चरण वातावरण निर्माण, पारिस्थितिकीय विश्लेषण, आवश्यकताओं की पहचान एवं उनका प्राथमिकीकरण, ड्राफ्ट प्लान का विकास, प्रशासनिक तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति पर विस्तृत चर्चा की। प्रशिक्षण में एडीओ पंचायत पंकज कुमारशर्मा, प्रशिक्षक कुलवीर सिंह, मौहम्मद वसीम, जितेंद्र कुमार, प्रीति प्रिरियल एवं निर्वाचित प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## द्वितीय बैच का ग्राम प्रधान, वार्ड मेंबर, क्षेत्र पंचायत सदस्य, पंचायत सहायक एवं सचिवों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**


जनता से अपील
नगर पंचायत साहनपुर जनपद–बिजनौर
स्वच्छ भारत मिशन
स्वच्छ सर्वेक्षण – 2026
गणतन्त्र दिवस (26 जनवरी 2026) के अवसर पर समस्त सम्मानित नगरवासियों से नगर पंचायत अपील करती है।
01. जल ही जीवन है। पेयजल का दुरुपयोग कदापि न करें तथा नल की टोंटी खुली न छोड़ें।
02. जल–मूल्य निर्धारित समय पर जमा करें।
03. अपने घरों का टैक्स निर्धारित समय पर जमा करें।
04. सड़कों पर कूड़ा व गन्दगी न डालें।
05. नगर पंचायत की कूड़ा गाड़ी आने पर कूड़ा उसमें ही डालें।
06. नगर को स्वच्छ व साफ–सुथरा बनाने में नगर पंचायत का सहयोग करें।
07. पॉलीथीन का प्रयोग न करें।
08. जन्म–मृत्यु का नगर पंचायत कार्यालय में समय से रजिस्ट्रीकरण अवश्य करायें।
09. अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें।
10. अपने घरों व आसपास के क्षेत्रों में पानी जमा ना होने दें। जिससे बीमारियाँ फैलने की सम्भावना होती है।
अनूप कुमार रावत, अधिशासी अधिकारी — समस्त सभासदगण/कर्मचारीगण — मौ0 खुर्शीद मन्सूरी, अध्यक्ष
नगर पंचायत साहनपुर जनपद–बिजनौर

**जनपद बिजनौर** कोतवाली। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अन्तर्गत उपनिदेशक पंचायत मुरादाबाद मंडल मुरादाबाद के मार्गदर्शन में द्वितीय बैच का विकासखंड सभागार कोतवाली में ग्राम पंचायत विकास योजना, क्षेत्र पंचायत विकास योजना एवं जिला पंचायत विकास योजना निर्माण के विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम प्रधान वार्ड मेंबर क्षेत्र पंचायत सदस्य पंचायत सहायक एवं सचिवों को ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण की प्रक्रिया को समझाया प्रशिक्षण में प्रशिक्षक जितेंद्र कुमार द्वारा सतत विकास के 17 लक्ष्यों पर चर्चा की गई। आपके द्वारा बताया गया कि सभी लक्ष्यों को 2030 तक हमें प्राप्त करना है। सतत विकास के लक्ष्यों के स्थानीयकरण विषय पर आधारित 09 थीम पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक कुलवीर सिंह, मौहम्मद वसीम द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण के मुख्य चरण वातावरण निर्माण, पारिस्थितिकीय विश्लेषण, आवश्यकताओं की पहचान एवं उनका प्राथमिकीकरण, ड्राफ्ट प्लान का विकास, प्रशासनिक तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति पर विस्तृत चर्चा की। प्रशिक्षण में एडीओ पंचायत पंकज कुमारशर्मा, प्रशिक्षक कुलवीर सिंह, मौहम्मद वसीम, जितेंद्र कुमार, प्रीति प्रिरियल एवं निर्वाचित प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# 40 दुकानों से हटवाया अतिक्रमण, 30 दुकानदारों से वसूला जुमार्ना

**वेलकम इंडिया**



**सहारनपुर**। नगर निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ अपना अभियान आज भी जारी रखते हुए वार्ड 26 में मानकमऊ बस स्टैण्ड से बड़ी नहर तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान 40 से अधिक दुकानों से अतिक्रमण हटवाया गया तथा लगभग 30 दुकानदारों से जुमार्ना वसूला गया। नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर आज नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग के नेतृत्व में वार्ड 26 में गंगोह रोड स्थित मानकमऊ बस स्टैण्ड पहुंचा और बस स्टैण्ड से नहर के पुल तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान 40 से अधिक दुकानों से अतिक्रमण हटवाया गया। करीब 20 दुकानों के बाहर रखे बोर्ड और होर्डिंग हटाए गए तथा लगभग 30 दुकानदारों से 19 हजार रुपये जुमार्ना भी वसूला गया। सड़क पर घास फैलाकर बेचने वाले दुकानदार पर दो हजार तथा मकान कंस्ट्रक्शन का सामान रेत-बजरी आदि सड़क पर फैलाकर बेच रहे एक दुकानदार पर तीन हजार रुपये का जुमार्ना किया गया। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग, संपत्ति सुरक्षा अधिकारी हरि प्रकाश कसाना, प्रवर्तन दल के कैप्टन नरेश कुमार, सूबेदार हेमराज व प्यार सिंह तथा जवान जगपाल, शिव कुमार, अमित, पवन, और नवाबुद्दीन शामिल रहे।

# एसीपी ने इंस्पेक्टर, दरोगा, सिपाही को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**वेलकम इंडिया**

**लखनऊ**। माल थाना क्षेत्र अंतर्गत कानून व्यवस्था बनाये रखने व बीते कई त्योहारों को शांतिपूर्ण, व भयमुक्त माहौल में संपन्न कराने को लेकर सहायक पुलिस आयुक्त सुजीत कुमार दुबे ने इंस्पेक्टर नवाब अहमद, उप निरीक्षक हरिओम राणा सहित आरक्षी आशीष सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शुक्रवार को थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था संघारण एवं उत्कृष्ट योगदान देने वाले इंस्पेक्टर नवाब अहमद, उप निरीक्षक हरिओम राणा आरक्षी आशीष सिंह एसीपी ने सम्मानित किया है। बीते कई त्यौहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। इन त्यौहार में ट्रैफिक व्यवस्था से लेकर सुरक्षा व्यवस्था तक दुरुस्त दिखी थी। यातायात को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। जिस कारण क्षेत्र में बीते त्योहार शांतिपूर्ण व सोहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुए थे। एसीपी ने सभी पुलिस कर्मियों को भविष्य में निष्ठा व लग्न के साथ काम करने व अपने मनोबल को ऊंचा रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में इसी प्रकार कार्य करते हुए पुलिस की गरिमा को बनाये रखने के लिए अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें।

# डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आंतरिक निरीक्षण करते हुए ईवीएम मशीनों के संबंध ली जानकारी।




**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर** तहसील सदर परिसर में बने ईवीएम वेयर हाउस का शुक्रवार को श्रुति ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आंतरिक निरीक्षण करते हुए वेयर हाउस में संरक्षित मशीनों के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अभिषेक कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) भरत राम यादव सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# दंगल में पहलवानों ने जमकर दिखाएं दांवपेंच, उमड़ी भीड़

**वेलकम इंडिया**



**लखनऊ**:शुक्रवार को माल कस्बे में स्थित सब्जी बाजार में भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक संगठन के द्वारा दो दिवसीय विराट कुश्ती दंगल - 2026 का शुभारंभ होने से आसपास के लोगों में खुशी का माहौल है। उक्त दंगल का उद्घाटन भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान ने फीता काटकर किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान ने फीता काटकर और पहलवानों के बीच हाथ मिलवाकर विराट कुश्ती दंगल 2026 का शुभारंभ करवाया। वही दंगल के पहले दिन स्थानीय समेत अन्य प्रदेशों से पहुंचे पहलवानों की जोड़ी ने अपने दांव पेंच से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। उक्त दंगल में पहलवानों की जोड़ी ने अपने दांव पेंच से पसीने बहाते प्रतिद्वंद्वी पहलवान को पटकनी देकर दर्शकों को रोमांचित करते रहे। दो दिवसीय दंगल का शुभारंभ होने से दंगल प्रेमियों में खुशी का माहौल है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी नवाब अहमद भी भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहें। इस मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष अतुल कुमार, तहसील अध्यक्ष अर्जुन सिंह, प्यारे लाल रावत सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित क्षत्रिय लोग मौजूद रहें।

# शराब-नॉनवेज सेवन के दौरान एक की मौत, तीन गंभीर पुलिस जांच में जुटी

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर** के नजीबाबाद रेलवे स्टेशन रोड पर गरुवार की रात करीब 10 बजे शराब और नॉनवेज के सेवन से एक की मौत हो गई है। इस दौरान तीन अन्य लोगों की हालत गंभीर है, जिन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चार व्यक्ति एक साथ बैठकर शराब का सेवन कर रहे थे और नॉनवेज खा रहे थे। इसी दौरान अचानक नौशाद नामक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। घटना के बाद साथ मौजूद अन्य तीन लोगों की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। बिजनौर के पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने भी घटनास्थल का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस टीम को जांच के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस ने घटनास्थल से बीयर और शराब की बोतलें तथा अन्य संबंधित सामान एकत्र कर जांच के लिए भेजा है। फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह, थाना प्रभारी नजीबाबाद राहुल सिंह और रेलवे स्टेशन चौकी इंचार्ज एसआई सौरभ कुमार सहित भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

# शादी के बाद नवविवाहिता की जिद के आगे झुका पति, प्रेमी के साथ पत्नी को किया विदा

**(निर्मल सैनी)**



**लखनऊ**:माल क्षेत्र के आंट गढ़ी सौंरा गांव में शादी के दो माह में ही नवविवाहित पत्नी की जिद के आगे मजबूर होकर पति ने बुधवार को उसे प्रेमी के साथ विदा कर दिया। विदा करने से पहले तीन घंटे तक पंचायत चली। पति समेत मायके और ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता को समझाने की कोशिश की। लेकिन वह प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी रही। अतत: पति को हार माननी पड़ी। यह मामला पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। थाना क्षेत्र के आंट गढ़ी सौंरा गांव में एक ऐसी घटना घटी, जो किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। बीते दो माह पूर्व 29 नवंबर 2025 को मलिहाबाद के दुलारमऊ गांव निवासी युवक, संजीत पुत्र सुंदर लाल की शादी आंट गढ़ी सौंरा गांव निवासी मेडीलाल की पुत्री सुभाषिनी से धूमधाम से हुई। बारात का स्वागत हुआ, जयमाला हुई, और वैदिक रीति-रिवाजों के साथ सात फेरे लेकर दोनों ने सात जन्मों तक साथ निभाने का वादा किया। ससुराल आने के छः सात सप्ताह तक ठीक ठाक रहा। उसके बाद मायके आने के बाद ससुराल न जाने की जिद पर अड़ गई। साथ गांव के ही रहने वाले प्रेमी महेंद्र पुत्र ललतू के साथ रहने की ठानी। ग्राम प्रधान के निवास पर आयोजित हुई पंचायत ग्राम प्रधान आंट गढ़ी सौंरा के निवास प्रधान प्रति.दिनेश की अध्यक्षता में मायके व ससुरालियों सहित प्रेमी के परिजनों की पंचायत आयोजित हुई। पंचायत में नवविवाहिता ने दो टूक कह दिया कि वह प्रेमी के साथ ही रहेगी। इसके बाद माता-पिता सहित अन्य परिजनों ने भी समझाने का प्रयास किया, लेकिन नवविवाहिता इस शादी पर नाराजगी जाहिर करते हुए प्रेमी के साथ जीवन जीने की दुहाई देने लगी।

# सड़क सुरक्षा का संकल्प: चले सुरक्षित करें सुरक्षित

**वेलकम इंडिया**



**गरुड़**, दिनेश नेगी, सुरक्षित यातायात के प्रति जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत शुक्रवार को गरुड़ में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। 18 जनवरी से 14 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान में सेंट एडम्स पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों ने जागरूकता संदेशों से युक्त तख्तियां लेकर नगर भ्रमण किया और आमजन को यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अमित कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग दंड के भय से नहीं, बल्कि जीवन रक्षा के लिए किया जाना चाहिए। समाज में सकारात्मक परिवर्तन तभी संभव है जब प्रत्येक व्यक्ति स्वयं जागरूक बने और दूसरों के लिए उदाहरण प्रस्तुत करे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने हेतु निबंध, ड्राइंग एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं के साथ-साथ वॉलीबॉल व बास्केटबॉल जैसे खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में निकिता बिष्ट ने प्रथम, प्रिया भाकुनी ने द्वितीय तथा स्नेहा आर्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ड्राइंग प्रतियोगिता में खुशबू डसीला प्रथम, भूमिका पांडे द्वितीय और वर्तिका आर्य तृतीय स्थान पर रहीं। स्लोगन प्रतियोगिता में सौरव ने प्रथम, संध्या गोस्वामी ने द्वितीय तथा वंदना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में परिवहन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, विद्यालयों के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जी राम जी से गांव का होगा विकास: डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य

असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर।** विकास खंड नौगढ़ के ग्राम पंचायत घेन्सा मे शुक्रवार को चौपाल कार्यक्रम आयोजित हुआ ।उपमुख्यमंत्री उ0प्र0 केशव प्रसाद मौर्य ने चौपाल कार्यक्रम मे शिरकत की। इस अवसर पर सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन., पुलिस अधीधक डा0 अभिषेक महाजन आदि उपस्थित रहे।

ग्राम प्रधान द्वारा विजय मणि त्रिपाठी (सोनू) द्वारा उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को बुके देकर स्वागत किया गया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मनरेगा योजना को खत्म नही किया गया है जी राम जी के रूप में 125 दिन का रोजगार दिया जायेगा। जब तक जी राम जी को लागू नही किया जायेगा। तब तक मनरेगा चलेगा। पात्र लाभार्थियों को आवास दिया गया है जो अवशेष बचे है उन्हें भी दिया जायेगा। जो आवास पा गये है उनको बधाई। पात्रो को राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड, आवास, आदि का लाभ दिया जा रहा है। आज सरकार द्वारा जो धनराशि भेजी जाती है पूरी लाभार्थी को मिल रही है। सबके बैंक खाते खुल गये है। सीधे डीबीटी के माध्यम से लाभ दिया जा रहा है। 2047 तक भारत विकसित भारत बनेगा। जीरामजी से गांव का विकास होगा। भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश बन रहा है। सभी को शौचालय का लाभ दिया जा रहा है। आने वाले समय में सिद्धार्थनगर अग्रणी जनपद बनेगा। सभी को पक्की छत देने का काम किया जा रहा है। सरकार आपके साथ खड़ी है। डबल इंजन की सरकार अपना विकास करने के लिए नही आयी है देश और विकास करने आयी है ।सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने कहा कि आज उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आपके गांव में आये है।

सरकार आप लोगो के साथ खड़ी है। सभी को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओ को लाभ देकर सभी को लाभान्वित किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा बच्चों का अन्नप्रासन कराया गया।

## 1 फरवरी को ग्राम राहूनंगली में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन

नूरपुर। नूरपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव राहूनंगली में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में 1 फरवरी 2026 रविवार को प्रात: 9 बजे ग्राम राहूनंगली में पानी की टंकी के सामने वाले गार्डन में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। उक्त हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम में आप सभी सादर आमंत्रित हैं तथा समय से पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। कार्यक्रम के उपरांत भोजन की व्यवस्था रहेगी।

# महिलाओं को घरेलू हिंसा, महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य की दी जानकारी

वेलकम इंडिया



**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्रथम एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। प्रथम एक दिवसीय शिविर का प्रारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत 'उठे समाज के लिए उठें-उठें, जगे स्वराष्ट्र के लिए जगे-जगे' से हुआ। शिविर के प्रथम सत्र में शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डॉ प्रदीप कुमार ने छात्राओं को व्यायाम एवं योग के द्वारा अपने तन और मन को कैसे स्वस्थ रखें इसकी जानकारी दी। तत्पश्चात छात्राओं ने शिविर स्थल के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें छात्राओं ने शिविर स्थल के घास की कटाई, कूड़े की सफाई एवं नालियों की गंदगी को साफ किया। शिविर के दूसरे बोधात्मक सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना उत्तर प्रदेश द्वारा निर्धारित विषय ' कौशल विकास हेतु युवा' को केंद्र में रखते हुए गृह विज्ञान विभाग की प्रभारी सीमा सिंह ने छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों एवं उसके द्वारा युवाओं में कौशल विकास कैसे किया जाए इस पर एक व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य स्वयंसेविकाओं में सेवा भाव जगाना है। जिससे युवा आगे आकर देश को विकसित बनाने में अपना योगदान दे सकें। निःस्वार्थ भाव से सेवा कर संस्था, समाज एवं देश का उत्थान ही इसका प्रमुख उद्देश्य है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, संस्कृति आदि को लेकर युवाओं में एक जागरुकता होनी चाहिए। स्वयंसेविकाओं को बस्ती में जाकर लोगों को विशेषकर महिलाओं को घरेलू हिंसा, महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य की जानकारी किसी विषय विशेषज्ञों को बुलाकर देनी चाहिए एवं स्वयं को भी उससे लाभान्वित होना चाहिए।

## एसपी ने साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** पुलिस बल में अनुशासन, एकरूपता तथा शारीरिक फिटनेस बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके ने परेड का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने स्वयं पुलिस बल के साथ दौड़ लगाकर सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को नियमित फिटनेस के लिए प्रेरित किया। जवानों को परेड के दौरान दौड़, ड्रिल, शस्त्राभ्यास एवं स्क्वाड ड्रिल का अभ्यास कराया गया, जिसमें जनपद के सभी थानों, शाखाओं, पुलिस कार्यालय एवं पुलिस लाइन के अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए। परेड के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परिसर स्थित क्वार्टर गार्ड, परिवहन शाखा तथा निमार्णाधीन कार्यों का निरीक्षण किया ।संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए ।एसपी ने सभी को शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने हेतु नियमित व्यायाम और फिटनेस बनाए रखने और कर्तव्यनिष्ठ होकर ड्यूटी करनेओर उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रेरित किया ।इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक अजय साह, मनीष शर्मा, प्रतिसार निरीक्षक प्रताप सिंह नेगी आदि उपस्थित थे।

# कुष्ठ रोग मिटाने की स्वास्थ कर्मियों ने ली शपथ

असदुल्लाह सिद्दीकी




**शोहरतगढ़ /सिद्धार्थनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शोहरतगढ़ में शुक्रवार को विश्व कुष्ठ दिवस पर कुष्ठ रोग मिटाने की शपथ स्वास्थ कर्मियों ने ली। अधीक्षक डॉ ए. के. आजाद की अध्यक्षता मे सुरेंद्र पाल, गंगाधर दूबे, मालजी शर्मा, सतीश कुमार, आशा इंद्रावती, मंजू त्रिपाठी, संगीता, सुनीता आदि ने शपथ ली ।अधीक्षक डॉ ए. के. आजाद ने विश्व कुष्ठ दिवस पर शपथ के दौरान कहा कि हम अपने जनपद को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने के लिए कोई कसर नही छोडेगे।

कुष्ठ रोग को पहचानना बहुत आसान है और यह साध्य है। हम सभी कुष्ठ रोगियों को जितनी जल्दी हो सके खोजने के लिए हर संभव प्रयास करेगें। हम इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिले में उपलब्ध सभी संसाधनो का उपयोग करेंगे। इसके साथ हम कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति से कोई भेद भाव नहीं करेगें और ना ही किसी दूसरे व्यक्ति को कुष्ठ रोग प्रभावित व्यक्ति और उसके परिवार के सदस्यों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव करने देंगे। हम व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों से जुडे कलंक और भेदभाव को समाप्त करने और उनको समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए अपना पूर्ण योगदान देगें। हम सभी कलंक एवं भेदभाव के प्रति शून्य सहिषुणता के लिए भेदभाव समाप्त कर गरिमा सुनिश्चित करने की प्रतिज्ञा लेते है।

## यूपी पेरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के जिला सचिव बने फरहत अली खान

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** उत्तर प्रदेश पेरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने खेलो को समर्पित फरहत अली खान को जिला सचिव नियुक्त किया है। नियुक्ति के बाद फरहत अली खान ने कहा के अब दिव्यांग जन भी खेल प्रतिभाएं रामपुर के मैदानों में खेलती नजर आएंगी। पेरा स्पोर्ट्स प्रतियोगिताएं मार्च के अंतिम सप्ताह में आयोजित किए जाएंगे। यह खेल ओपन महिला एवम पुरुष और स्कूल स्तर के होंगे। अब सामान्य ओलिंपिक में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों की भांति नौकरियां और करोड़ों रुपए के पुरस्कार दिए जाते हैं। रामपुर के पैरा खिलाड़ियों को अतिशीघ्र प्रशिक्षण देकर प्रदेश, देश और विश्व स्तर पर प्रदर्शन कराने योग्य बनाया जाएगा। फरहत अली खान यूपी पेरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन का आभार सहित धन्यवाद किया।

## जमीन की रजिस्ट्री में अब फजीवाड़ा पूरी तरह खत्म, बायोमेट्रिक सत्यापन से होगी सम्पत्ति की रजिस्ट्री

असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर।** जमीन की रजिस्ट्री में अब फजीवाड़ा की आंशक पूरी तरह खत्म हो जाएगी। धोखाधड़ी रोकने और पारदर्शिता के लिए उपनिबंधन कार्यालय में ही आधार नंबर सत्यापन की व्यवस्था शुरू हो जाएगी। यह व्यवस्था एक फरवरी से लागू होगी। रजिस्ट्री के समय खरीदार-विक्रेता के साथ ही गवाहों के आधार कार्ड नंबर का सत्यापन किया जाएगा।

बायोमीट्रिक मशीन से उनके फिंगर प्रिंट का मिलान होगा। इसके बाद ही रजिस्ट्री की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। एआईजी स्टांप ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि निबंधन विभाग और आधार की वेबसाइट को मर्ज कर दिया गया है। जैसे ही किसी व्यक्ति का बायोमेट्रिक मशीन पर अंगूठा रखा जाएगा, दिल्ली सर्वर पहचान व्यक्ति के पूरी पहचान बता देगा। मिलान होने पर ही रजिस्ट्री की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। सब रजिस्ट्रार सुशील कुमार श्रीवास्तव ने बताया एक फरवरी से रजिस्ट्री दफ्तरों में यह व्यवस्था प्रभावी की जा रही है। इस नई व्यवस्था से जमीन सहित सम्पत्ति की रजिस्ट्री व्यवस्था पारदर्शी होगी। इससे फजीवाड़ा पर रोक लगेगी ।उपनिबंधक कार्यालयों में रजिस्ट्री के लिए पहले आधार अनिवार्य किया गया था। रजिस्ट्री व्यवस्था पारदर्शी बनाने को अब आधार बायोमेट्रिक सत्यापनकी व्यवस्था की गई है। एआईजी स्टांप ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बायोमेट्रिक मशीन पर क्रेता व विक्रेता का अंगूठा लगवाया जाएगा। इसके बाद ही रजिस्ट्री की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि निबंधन विभाग और आधार की वेबसाइटको मर्ज कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी निबंधन कार्यालयों में एक फरवरी से यह व्यवस्था लागू की जा रही है। आधार बायोमेट्रिक सत्यापन और गवाहों की पहचान का सत्यापन भी आधार से किया जाएगा। इसको लेकर आदेश जारी हो गया है। एक फरवरी से व्यवस्था लागू हो रही है।

# गंगेरू मार्ग पर ओवरलोड गन्ना ट्रकों से हादसे का खतरा, विद्युत पोल से टकराया ट्रक

वेलकम इंडिया




**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी नगर के गंगेरू मार्ग से गुजर रहे गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रकों के कारण लगातार हादसों की आशंका बनी हुई है। शुक्रवार को गन्ने से लदा एक ट्रक मार्ग संकरा होने के चलते सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि किसी तरह का कोई भी हादसा नहीं हुआ ।गंगेरू मार्ग निवासी रितेश, समून, अरशद, प्रदीप, राहुल, वसीम, नाजिम, कमल, दिनेश, दीपक सहित अन्य लोगों ने बताया कि रोजाना भीड़भाड़ वाले मार्ग से ओवरलोड गन्ना ट्रक गुजरते हैं, जिससे हमेशा दुर्घटना का डर बना रहता है। पूर्व में भी कई बार ऐसे ट्रकों की वजह से हादसे हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है ।दुकानदारों का कहना है कि जब गन्ने से भरे ट्रक संकरे रास्ते से निकलते हैं तो वे डर के मारे सहमे रहते हैं। लोगों का आरोप है कि परिवहन विभाग, पुलिस प्रशासन और एसडीएम स्तर पर कार्रवाई संभव होने के बावजूद जिम्मेदार विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर कार्रवाई से बचते नजर आ रहे हैं ।स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि गंगेरू मार्ग पर ओवरलोड गन्ना ट्रकों पर तत्काल रोक लगाई जाए और नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए, ताकि किसी बड़े हादसे से पहले स्थिति को नियंत्रित किया जा सके।

# गला काटने का आरोप, हालत गंभीर, पुलिस जांच में जुटी

वेलकम इंडिया



**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम में एक व्यक्ति के गले पर धारदार हथियार से गंभीर चोट लगने का मामला सामने आया है। घायल व्यक्ति ने गांव के ही एक युवक पर हमला करने का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची 112 पुलिस और 108 एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है ।शुक्रवार को 112 पुलिस को सूचना मिली कि गांव गढ़ी श्याम निवासी करीब 40 वर्षीय विनोद पुत्र रामकिशन अपने घर में लहूलुहान अवस्था में पड़ा हुआ है। बताया गया कि उसके गले पर चारा काटने वाली दरांती से वार किया गया है। सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया ।घायल विनोद ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि गांव के ही एक युवक से उसका विवाद हो गया था, जिसके बाद आरोपी ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर गला काट दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायल को डायल 108 एंबुलेंस की सहायता से नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है ।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना प्राप्त हुई है।

## जेल अधीक्षक को प्रशस्ति चिन्ह (सिल्वर) को डीएम एवं एसएसपी द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया गया

बुलंदशहर शुक्रवार को जिला कारागार बुलन्दशहर में शासनादेशों एवं मुख्यमंत्री की बैठक दिनांक–01.09.2025 में दिये गये निदेर्शों तथा जेल मैनुअल में प्रावधानित व्यवस्था के अनुक्रम में सिद्धदोष बंदियों की समयपूर्व रिहाई के हेतु श्रुति जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तर पर गठित समिति की बैठक अपराह्न समय 01:00 बजे आहूत की गयी। बैठक में दिनेश कुमार सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जयप्रकाश यादव जिला प्रोबेशन अधिकारी, कोमल मंगलानी जेल अधीक्षक उपस्थित रही। बैठक के दौरान दयायाचिका के 08 नफर सिद्धदोष बंदी तथा फार्म–ए के 16 नफर सिद्धदोष बंदी कुल 24 नफर सिद्धदोष बंदियों की समयपूर्व रिहाई हेतु समिति द्वारा गहनता पूर्वक विचार कर निर्णय लिया गया। बैठक समापन के उपरांत 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस महानिदेशक / महानिरीक्षक कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें उ०प्र० द्वारा कोमल मंगलानी जेल अधीक्षक को कारागार सेवा में अप्रतिम योगदान दिये जाने के लिए प्रदान किये गये।

# यूजीसी का नया कानून सवर्ण छात्रो के लिऐ फासी का फन्दा भाजपा चली काग्रेस की राह, कर रही वोटो का धन्धा



वीरेन्द्र कुमार राजपूत
पूर्व जिला मन्त्री
महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा

वेलकम इंडिया

कैन्द्र सरकार ने 15 जनवरी 2026 की ठिठुरती काली रात मे यूजीसी मे नया कानून लाकर स्वर्ण समाज के छात्रों के गले मे फासी का फन्दा डाल दिया है। इस काले कानून मे 12 क्लास से उपर के सभी कालेजो के छात्रो पर एससी/एसटी कानून से भी खतरनाक वऋ़उ के नये कानून की तलवार लटकती रहेगी।

मौजूदा सरकार का नारा बटोगे तो कटोगे, एक रहोगे तो सेफ रहोगे

एक धोखा है सनातनियो को मूर्ख बनाने का ढोग मात्र सिध्द होगा।

इस काले कानून का दुरूपयोग करते हुऐ रउ/रळ के छात्र किसी भी सवर्ण छात्र पर जातिसूचक शब्द कहने, उत्पीडन जैसे झूठे आरोप पर लगा कर मुकदमा दर्ज करा कर जेल भेजबा दिया जायेगा पहले ही एससी/एसटी केसो मे 80% झूठे केस दर्ज है सवर्ण समाज के बच्चो का डाक्टर, इंजीनियर, सरकारी नौकरी करने का सपना चूर चूर हो जायेगा। इस कानून मे एक निगरानी समिति बनेगी जिसमे एक भी सवर्ण छात्र नही होगा।

इस काले कानून से सनातनियो जातियो के छात्रो मे सघर्ष ही होगा समरसता के स्थान पर फिर हिन्दू जातियो मे बिभाजन होगा कालेजो मे बाबा भीमराव अंबेडकर के सबिधान मे दिये समानता का अधिकार सवर्ण समाज के छात्रो के लिए समाप्त हो जायेगा। सवर्ण समाज देश के हर क्षेत्र मे अपनी योग्यता के बल पर देश सेवा कर रहा है देश के लिए प्राणो की आहूति देने मे पल भर नही सोचता,

मै और हमारा समाज चाहता है कि सनातन समाज मे समरसता आये भेदभाव समाप्त हो दलित, आदिवासियो, को सरकार इतना आर्थिक शैक्षिक लाभ पहूचाये की सभी अग्रणीय लाईन मे आ जाये परन्तू सवर्ण समाज की बलि देकर ये कार्य ना किये जाय सनातन का सवर्ण समाज देश की रीढ है इस पर प्रहार करने बाले ना पार्टी बचा सकते है ना समरसता ही बचा सकते है ।माननीय मोदी से मांग है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पुराने मौजूदा कानूनो को लागू करो और इस 15 जनवरी 2026 की रात को लागू सनातन की जातियो मे विभाजनकारी इस काले कानून को बापस लो ये कानून आने बाले चुनावो मे घातक सिद्ध होगा कुछ राजनीतिक पार्टिया पहले ही सनातन की जातियोको बांटकर राजनिति करती है अब इस कानून से स्वम ही सनातन की जातियो मे बटबारा हो जायेगा जो औबैसी, सपा, काग्रेस जैसी पार्टियो के हाथ तुरूप का पत्ता लग जायेगा।

सभी सवर्ण समाज एकजुट होकर इस जातिगत बिभाजनकारी कानून का बिरोध करे जिससे देश मे जातिगत विभाजन को रोका जा सके। सनातन की जातियो मे बिभाजन होगा तो देश कभी विकसित देश नही बन सकता।

# मतदाता सूची से संबंधित मामलों को लेकर मतदाताओं को जारी किए गए नोटिसों की हुई सुनवाई

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** तहसील परिसर में मतदाता सूची से संबंधित मामलों को लेकर मतदाताओं को जारी किए गए नोटिसों की सुनवाई हुई।मतदाताओं को जारी किए गए नोटिसों की सुनवाई सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न हुई।यह पूरी प्रक्रिया उप जिलाधिकारी अजीत सिंह कुमार की निगरानी में आयोजित की गई।तहसील प्रशासन ने सुनवाई के लिए सुव्यवस्थित व्यवस्था की थी। जिन मतदाताओं को नोटिस मिले थे, वे अपने पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ तहसील पहुंचे। उन्होंने अपना पक्ष रखा, जिसे अधिकारियों ने गंभीरता से सुना। दस्तावेजों की विधिवत जांच के बाद ही निर्णय लिए गए।प्रशासन ने बताया कि इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाना है।

इसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम अनावश्यक रूप से न हटे और अपात्र व्यक्तियों को सूची से बाहर किया जा सके। उप जिलाधिकारी अजीत सिंह कुमार ने कहा कि सभी मामलों की निष्पक्षता से सुनवाई की गई है। उन्होंने उन मतदाताओं से अपील की थी जिन्हें नोटिस मिले थे, वे निर्धारित समय के भीतर उपस्थित होकर अपने दस्तावेज प्रस्तुत करें, ताकि उनके मामलों का समय पर निस्तारण हो सके। इस मौके पर तहसीलदार रजत सिंह, नायब तहसीलदार मुकेश कुमार शर्मा, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# मनरेगा कानून वापस नहीं हुआ तो 5000 मजदूरों के साथ कलेक्ट्रेट घेरेगी कांग्रेस:प्रज्ञा गौड़

वेलकम इंडिया




बुलंदशहर शुक्रवार को डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर मनरेगा संग्राम प्रज्ञा गौड़ के नेतृत्व में अनूपशहर क्षेत्र के गांव सुनाई में ग्राम प्रधान सुनाई इन्तजार प्रधान के आवास पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का शहादत दिवस व मनरेगा चौपाल आयोजित की गई मनरेगा चौपाल से पूर्व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस समय 10:58 पर 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सत्य हिंसा आजादी का महानायक बताया चौपाल जिसको संबोधित करते हुए डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर मनरेगा प्रज्ञा गौड़ ने कांग्रेस के 10 जनवरी से 25 फरवरी तक चल रहे मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान की जानकारी देते हुए केंद्र सरकार पर मनरेगा में बदलाव कर किसान मजदूर को खत्म करने की साजिश का आरोप लगाया।संचालन कर रहे उपाध्यक्ष कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने चौपाल में उपस्थित ग्राम प्रधानों का जॉब कार्ड धारक मजदूरों से जनपद बुलंदशहर में डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा गौड़ के नेतृत्व में किया जा रहे प्रयास व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा संसद में लड़ी गई लड़ाई मैं जोड़कर तानाशाह सरकार द्वारा मनरेगा में नाम बदलकर लिए गए बदलाव को वापस करने के लिए कांग्रेस और राहुल गांधी को मजबूत करने का आह्वान किया चौपाल की अध्यक्षता उपाध्यक्ष प्रभारी सलाम खां व संचालन व वरिष्ठ नेता बब्लु कुरैश ने किया। इंतजार अली ग्राम प्रधान नूर राय सिंह राजेंद्र जाटव सौदान जाटव मनोहर लाल जाटव सतबीर देवी अंगूरी देवी हर प्यारी इंदिरा गांधी सत्यवती कमला देवी राजकुमारी मनोज जाटव विशंभर जाटव गोरेलाल जाटव सतबीर जाटव महेश यादव सहित सैकड़ो लोग सम्मिलित रहे।

## विश्व कुष्ठ रोग दिवस पर केएसजीएमसी में जागरूकता एवं भेदभाव मुक्त समाज का संदेश दिया गया




वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** कल्याण सिंह राजकीय मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को विश्व कुष्ठ रोग दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कुष्ठ रोग के प्रति फैली भ्रांतियां को दूर करना इसके इतिहास एवं महत्व से विद्यार्थियों का अवगत कराना तथा कुष्ठ रोग से जुड़े सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध जन जागरूकता बढ़ाना था। महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक चिकित्सा विभाग के अध्यक्ष डॉक्टर सुधीर गुप्ता ने विद्यार्थियों को कुष्ठ रोग के इतिहास, वर्तमान स्थिति, उपचार की उपलब्धता एवं समाज में जागरूकता की आवश्यकता पर मार्गदर्शन प्रदान किया।इसी क्रम में ग्रामीण स्वास्थ्य एवं प्रशिक्षण केंद्र शिकारपुर सीएचसी में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां डॉ. अंकित सिंह, डॉ. स्वाति सारस्वत एवं डॉ. पारूल चौधरी एवं डॉक्टर की टीम के साथ मिलकर कुष्ठरोग कुष्ठ रोग जागरूकता गतिविधियां आयोजित की इस अवसर पर सीएचसी प्रभारी डॉ. शशि शेखर सिंह तथा समस्त स्टाफ ने सक्रिय सहभागिता की।

# कर्म से भाग्य भी बदल जाते हैं- पंडित कुंजबिहारी वशिष्ठ

वेलकम इंडिया



–पंडित कुंजबिहारी वशिष्ठ ज्योतिषाचार्य सूर्यदेव उपासक मुरादनगर वाले

जब भगवान श्री कृष्ण ने सुदामा जी को तीनों लोकों का स्वामी बना दिया तो, सुदामा जी की संपत्ति देखकर यमराज से रहा न गया और यम भगवान को नियम कानूनों का पाठ पढ़ाने के लिए अपने बहीखाते लेकर द्वारिका पहुंच गये।और भगवान से कहने लगे कि- अपराध क्षमा करें भगवन लेकिन सत्य तो ये है कि यमपुरी में शायद अब मेरी कोई आवश्यकता नही रह गयी है।इसलिए में पृथ्वी लोक के प्राणियों के कर्मों का बही खाता आपको सौंपने आया हूँ और इस प्रकार यमराज ने सारे बहीखाते भगवान के सामने रख दिये. भगवान मुस्कुराए और बोले यमराज जी आखिर ऐसी क्या बात है जो इतना चिंतित लग रहे हो. यमराज कहने लगे कि प्रभु आपके क्षमा कर देने से अनेक पापी एक तो यमपुरी आते ही नही है वे सीधे ही आपके धाम को चले जाते हैं और.. फिर आपने अभी अभी सुदामा जी को तीनों लोक दान दे दिए हैं सो अब हम कहाँ जाएं। यमराज भगवान से कहने लगे कि प्रभु सुदामा जी के प्रारब्ध में तो जीवन भर दरिद्रता ही लिखी हुई थी. लेकिन आपने उन्हें तीनों लोकों की संपत्ति देकर विधि के बनाये हुए विधान को ही बदलकर रख दिया है अब कर्मों की प्रधानता तो लगभग समाप्त ही हो गयी है. भगवान बोले कि यम तुमने कैसे जाना कि सुदामा के भाग्य में आजीवन दरिद्रता का योग है ।यमराज ने अपना बही खाता खोला तो सुदामा जी के भाग्य वाले स्थान पर देखा तो चकित रह गए. देखते हैं कि जहां 'श्रीक्षयह्व सम्पत्ति का क्षय लिखा हुआ था, वहां स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने उन्ही अक्षरों को उलटकर उनके स्थान पर 'यक्षश्रीह्व लिख दिया अर्थात कुबेर की संपत्ति,भगवान बोले कि यमराज जी शायद आपकी जानकारी पूरी नही है..क्या आप जानते हैं कि सुदामा ने मुझे अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया था तो मैने तो सुदामा के केवल उसी उपकार का प्रतिफल उसे दिया है, यमराज बोले कि भगवान ऐसी कोन सी सम्पत्ति सुदामा ने आपको अर्पण कर दी उसके पास तो कुछ भी नही.भगवान बोले कि सुदामा ने अपनी कुल पूंजी के रूप में बड़े ही प्रेम से मुझे चावल अर्पण किये थे जो मैंने और देवी लक्ष्मी ने बड़े प्रेम से खाये थे, और जो मुझे प्रेम से कुछ खिलाता है उसे सम्पूर्ण विश्व को भोजन कराने जितना पुण्य प्राप्त होता है, बस उसी का प्रतिफल सुदामा को मैंने दिया है.ऐसे दयालु हैं, हमारे प्रभु श्रीकृष्ण भगवान.. जिन्होंने न केवल सुदामा जी पर कृपा की, बल्कि द्रौपदी की बटलोई से बचे हुए साग के पत्ते को भी बड़े चाव से खाकर दुवार्सा ऋषि और उनके शिष्यों सहित सम्पूर्ण विश्व को तृप्त कर दिया था ओर पांडवो को श्राप से बचाया था आज इसका संज्ञान लेना उचित समय परिलक्षित जान पडता है।यह तो राजा के लिए जरूरी है कि दंड भय नीति मजबूत रखे किन्तु तदापि धर्म सनातनी संत जगत गुरूओ को अपमानित ना करे। गुरूश्रेष्ठ दुवार्सा, विश्वामित्र ज्वलंत उदाहरण इतिहास पृष्ठ पर अमरत्व को प्राप्त है।

# बाइक को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर नाले में गिरी

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** मोदीनगर हापुड़ मार्ग पर रेलवे फाटक के समीप से हनुमानपुरी को जाने वाले मार्ग पर देर रात एक तेज रफ्तार कार बाइक को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी और पलट गई।इस हादसे में कार सवार पांच युवक सुरक्षित बच गए। युवक कार की खिड़की का शीशा तोड़कर बाहर निकले।हादसे के समय नाले में लगभग तीन फीट पानी था।घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

कार में खंजरपुर निवासी रोहित अपने परिचितो के साथ जब गोविंदपुरी कॉलोनी से हनुमानपुरी मार्ग होते हुए हापुड़ की ओर जा रहे थे।हनुमानपुरी मार्ग पर पहुंचने पर सामने से आ रही एक बाइक को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित हो गई और सीधे नाले में जा गिरी ।सूचना मिलने पर क्रेन की मदद से कार को नाले से बाहर निकाला गया।

और कार में रोहित के अलावा विकास के साथ-साथ चूड़ियाला निवासी सौरभ, गौरव और सुजीत सवार थे। पांचो लोगो ने कार का शीशा तोडा ओर नाले में उतरकर बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। मोदीनगर के एसीपी अमित सक्सेना ने बताया कि उन्हें नाले में कार गिरने की सूचना मिली है और मामले की जांच कराई जा रही है।

## बीमारी के चलते हुए होमगार्ड का हुआ निधन

वेलकम इंडिया



बुलंदशहर अहार क्षेत्र के गांव खदाना निवासी एक होमगार्ड ब्रजपाल सिंह उम्र लगभग 58 वर्ष का बीमारी के चलते निधन हो गया है। परिजनों में मचा कोहराम। प्राप्त जानकारी अनुसार ऊंचा गांव होमगार्ड कम्पनी के जवान की माह जनवरी में नरसेना थाना अन्तर्गत में तैनाती चल रही थी। बताया गया है कि 14 जनवरी को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और उन्हें बुलंदशहर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से दिल्ली के लिए रेफर कर दिया गया। आज सुबह इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड दिया। सूचना पाकर परिजनों में हड़कंप मच गया।वह अविवाहित थे। पिछले साल उनके बड़े भाई की मौत हो गई थी। उन्होंने भतीजों को स्वीकार कर लिया था। गांव खदाना में दोपहर बाद उनके घर पर शव पहुंचा। लोगों की भीड़ लग गई। करीब शाम पांच बजे मां अवंतिका देवी श्मशान घाट पर उनका गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पाकर सांत्वना देने वालों का तांता लग गया है।

# अमेरिका से लौटे नवविवाहित सॉफ्टवेयर इंजीनियर दंपती का जहांगीराबाद में हुआ भव्य स्वागत

वेलकम इंडिया



जहाँगीराबाद/बुलंदशहर/अमेरिका से लौटे नवविवाहित सॉफ्टवेयर इंजीनियर दंपती का जहांगीराबाद में भव्य स्वागत युवाओं से की देश में रहकर भारतीय कंपनियों को मजबूत करने की अपील जहांगीराबाद- अमेरिका से भारत लौटे नवविवाहित सॉफ्टवेयर इंजीनियर दंपती रचित अग्रवाल और पूजा अग्रवाल का जहांगीराबाद पहुंचने पर परिजनों व शुभचिंतकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत समारोह में नगर के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। रचित अग्रवाल अमेरिका के मिशिगन शहर में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में कार्यरत हैं।उन्होंने चार माह पूर्व पूजा अग्रवाल से विवाह किया था, जो स्वयं भी अमेरिका में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। विवाह के पश्चात पहली बार अपने पैतृक आवास जहांगीराबाद लौटने पर दोनों का पारिवारिक माहौल में सम्मान किया गया। इस अवसर पर रचित व पूजा अग्रवाल ने कहा कि भारत ने तकनीक के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है और देश में आज बड़ी-बड़ी बहुराष्ट्रीय व भारतीय कंपनियां उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे देश में ही रहकर भारतीय कंपनियों में काम करें और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं, क्योंकि भारत में अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

# अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा थाना बीबीनगर का किया गया वार्षिक निरीक्षण

वेलकम इंडिया



बुलंदशहर शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद द्वारा थाना बीबीनगर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान द्वारा थाना बीबीनगर पहुँचकर गार्द की सलामी ली गयी। इसके उपरान्त अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय द्वारा थाना कार्यालय के महिला हेल्प डेस्क, बन्दीगृह, बीट बुक रजिस्टर, सीसीटीएनएस, शस्त्रागार, साफ-सफाई, मालखाना, आवासीय थाना परिसर, थाने में खडे वाहनों, आदि को चेक किया गया। महिला हैल्प डेस्क पर नियुक्त महिला कर्मचारियों द्वारा थाने पर अपनी समस्याओं को लेकर आने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रार्थना पत्रों के निराकरण, जांच का परिणाम इत्यादि को क्रमबद्ध तरीके से कम्प्यूटर में व्यवस्थित करने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी बीबीनगर को मालों के निस्तारण करने, अभिलेख पूर्ण करने, अभिलेखों का रखरखाव रखने, हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की निगरानी रखने, थाना परिसर में साफ-सफाई रखने एवं प्रतिदिन थानाक्षेत्र में भ्रमणशील रहकर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने, महिला सम्बन्धी अपराधों पर रोकथाम आदि आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी स्याना रामकरन मौजूद रहे।

# भारत में स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में शहीदों को नमन कर मौन धारण किया


वेलकम इंडिया



बुलंदशहर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में भारत में स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में शहीदों को नमन करते हुए मौन धारण किया गया। साथ ही जनपद में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान -2026, 30 जनवरी 2026 से 13 फरवरी 2026 तक चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिलाधिकारी श्रुति द्वारा उपस्थित सभागार में सभी को शपथ दिलाई गई और जिलाधिकारी द्वारा जनपद वासियों से अनुरोध करते हुए जनपद वासियों को संदेश भी दिया गया।१हम सभी बुलंदशहर जनपद के लोग और जिला प्रशासन 'विकसित भारत अभियान के अवसर पर यह घोषणा करते है कि हम अपने जनपद को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने के लिए कोई कसर नही छोडेगें। कुष्ठ रोग को पहचानना बहुत आसान हैं और यह साध्य हैं।हम सभी कुष्ठ रोगियों को जितनी जल्दी हो सके खोजने के लिए हर सम्भव प्रयास करेंगें।हम इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिले में उपलब्ध सभी संसाधनों का उपयोग करेंगें।इसके साथ हम कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति से कोई भेदभाव नहीं करेंगें और न ही किसी दूसरे व्यक्ति को कुष्ठ रोग प्रभावित व्यक्ति और उनके परिवार के सदस्यों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव करने देगें। हम व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों से जुडे कलंक और भेदभाव को समाप्त करने और उनको समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए अपना पूर्ण योगदान देगें। हम सभी कलंक एवं भेदभाव के प्रति शून्य सहिष्णुता के लिये *भेदभाव समाप्त कर गरिमा सुनिश्चित करें* की प्रतिज्ञा लेते हैं।

# नवयुग पब्लिक स्कूल खालौर में महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि श्रद्धा से मनाई गई

वेलकम इंडिया



जहाँगीराबाद/बुलंदशहर )/खालौर नवयुग पब्लिक स्कूल खालौर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 78वीं पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में महात्मा गांधी जी के जीवन और विचारों पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में अनुज सिंह (कक्षा 7) ने प्रथम स्थान, काव्या (कक्षा 4) ने द्वितीय स्थान तथा संभव शर्मा (कक्षा 6) ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक प्रमोद विद्रोही ने कहा कि महात्मा गांधी जी ने न केवल भारत को आजादी दिलाई, बल्कि पूरे विश्व को सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाया। वहीं विद्यालय की प्रधानाचार्य कुमकुम शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गांधी जी श्रम को अत्यंत महत्व देते थे और आत्मनिर्भरता पर बल देते थे। उनका जीवन अत्यंत सादा तथा विचार उच्च कोटि के थे।

इस अवसर पर शिक्षक दिनेश शर्मा, इंद्रपाल सिंह, रोहित शर्मा, साक्षी, हरकेश शर्मा एवं संदीप ने भी महात्मा गांधी के आदर्शों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने महात्मा गांधी अमर रहें एवं भारत माता की जय के गगनभेदी नारों के साथ राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# छात्रों को जमीनी हकीकत से कराया जा रहा रूबरू

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** भूगर्भ जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा को लेकर नगर निगम ने एक सराहनीय और दूरदर्शी पहल की शुरूआत की है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशन में नगर निगम अब कॉलेज के छात्र-छात्राओं को अपने महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स का भ्रमण कराकर न केवल तकनीकी जानकारी दे रहा है, बल्कि उन्हें पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जागरूक और सहभागी भी बना रहा है। इसी क्रम में नगर निगम द्वारा पहले चरण में इंजीनियरिंग तथा मास्टर ऑफ साइंस के विद्यार्थियों को निगम के चल रहे प्रोजेक्ट्स से जोड़ा गया है। इस पहल के अंतर्गत पहले दिन आईएमएस कॉलेज के एमएससी बायोटेक्नोलॉजी के लगभग 50 छात्र-छात्राओं को इंदिरापुरम स्थित 40 एमएलडी क्षमता वाले टीएसटीपी (टर्शियरी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) का भ्रमण कराया गया। मौके पर मौजूद नगर निगम की एक्सपर्ट टीम ने विद्यार्थियों को भूगर्भ जल संरक्षण की आवश्यकता, उसकी वर्तमान स्थिति और निगम द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। टीएसटीपी प्रोजेक्ट के हेड इंजीनियर तरुण राज ने विद्यार्थियों को सीवर के पानी को शोधित कर दोबारा उपयोग योग्य बनाने की पूरी प्रक्रिया को सरल शब्दों में समझाया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार आरओ और अल्ट्रा फिल्ट्रेशन तकनीक के माध्यम से गंदे पानी का उच्च गुणवत्ता का ट्रीटमेंट किया जाता है और उसे औद्योगिक उपयोग के लिए उपयुक्त बनाया जाता है। विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि इस शोधित जल के उपयोग से भूगर्भ जल पर निर्भरता कम होती है, जिससे भविष्य के लिए जल संरक्षण संभव हो पाता है। नगर निगम अधिकारियों ने जानकारी दी कि वर्तमान में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा साहिबाबाद क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों को इसी शोधित जल की आपूर्ति की जा रही है, जिससे भूगर्भ जल का दोहन रुक रहा है और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद मिल रही है। यह प्रोजेक्ट न केवल तकनीकी दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि शहरी जल प्रबंधन का एक सफल मॉडल भी बनता जा रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा कि विद्यार्थी सीखने की क्षमता के साथ-साथ समाज को समझाने और जागरूक करने की भी विशेष क्षमता रखते हैं। इसी सोच के तहत गाजियाबाद के कॉलेजों के छात्र-छात्राओं को निगम के प्रोजेक्ट्स से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि जब विद्यार्थी इन योजनाओं को समझेंगे तो वे अपने परिवार, मित्रों और समाज के अन्य लोगों तक भी स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा का संदेश पहुंचाएंगे। नगर निगम की यह मुहिम केवल टीएसटीपी तक सीमित नहीं है। आने वाले समय में शहर के इंजीनियरिंग कॉलेजों के विद्यार्थियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, वायु गुणवत्ता सुधार, बायोडायवर्सिटी पार्क और अन्य पर्यावरणीय परियोजनाओं का भी भ्रमण कराया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य है कि तकनीकी शिक्षा ले रहे विद्यार्थी किताबों के साथ-साथ जमीनी अनुभव भी हासिल करें। भ्रमण के दौरान निगम की एसबीएम टीम भी उपस्थित रही। निगम की एक्सपर्ट टीम की सदस्य तारूशी ने विद्यार्थियों को बायोडायवर्सिटी पार्क और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। टीएसटीपी प्लांट के भ्रमण के बाद विद्यार्थियों ने नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की खुले दिल से सराहना की और भूगर्भ जल संरक्षण को लेकर खुद जागरूक होने के साथ-साथ दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया।

# लाइसेंसी दुकानों और अवैध शराब तस्करों पर आबकारी विभाग की ह्यनो टॉलरेंसह्ण नीति लागू

वेलकम इंडिया



**एनसीआर।** जनपद में अवैध शराब के कारोबार के तिलिस्म को तोड ? के बाद अब जिला आबकारी विभाग ने लाइसेंसी शराब विक्रेताओं पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने शराब बिक्री में लंबे समय से चली आ रही अनियमितताओं, ओवररेटिंग और नियमों के खुले उल्लंघन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए एक नई और सख़्त रणनीति लागू कर दी है। इस रणनीति के तहत न केवल आबकारी निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है, बल्कि विभागीय टीमों को गोपनीय तरीके से ग्राहक बनकर शराब खरीदने के निर्देश भी दिए गए हैं। अब तक आमतौर पर अपने-अपने क्षेत्रों में निरीक्षण करने वाले आबकारी इंस्पेक्टरों को एक-दूसरे के क्षेत्रों की लाइसेंसी दुकानों की जांच सौंपी गई है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी स्तर पर मिलीभगत, लापरवाही या आंख मूंदकर काम करने की प्रवृत्ति को पूरी तरह खत्म किया जा सके। इस क्रॉस इंस्पेक्शन व्यवस्था से शराब विक्रेताओं में खलबली मची हुई है। नई रणनीति के तहत उन दुकानों पर विशेष फोकस किया जा रहा है, जहां निर्धारित समय से पहले या बंद होने के बाद चोरी-छिपे शराब बेचने की शिकायतें मिलती रही हैं। साथ ही, ग्राहकों से निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली यानी ओवररेटिंग के मामलों को पकड ? के लिए आबकारी विभाग की टीमें आम ग्राहक बनकर दुकानों पर पहुंच रही हैं और मौके पर ही खरीदारी कर दरों की जांच कर रही हैं। जिला आबकारी अधिकारी स्वयं भी लगातार जनपद की देशी शराब दुकानों, कम्पोजिट शॉप, मॉडल शॉप, प्रीमियम रिटेल शॉप और बार अनुज्ञापनों का आकस्मिक निरीक्षण कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की रियल टाइम रिकॉर्डिंग, बिक्री से जुड़े रिकॉर्ड रजिस्टर और पॉश मशीन से होने वाली बिक्री की बारीकी से जांच की जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि 100 प्रतिशत बिक्री पॉश मशीन से ही की जाए और सीसीटीवी सिस्टम हर हाल में चालू अवस्था में रहे।

# मेंटेनेंस बकायेदारों की सूची को लेकर कालातीत अपार्टमेंट स्वामी संघ की टालमटोल पर उप-पंजीयक को दिए गए स्पष्ट निर्देश

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** फॉर्च्यून रेजिडेंसी आवासीय परिसर में मार्च 2025 तक की अनुरक्षण शुल्क (मेंटेनेंस) बकायेदारों की सूची सार्वजनिक न किए जाने को लेकर कालातीत अपार्टमेंट स्वामी संघ की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े हो गए हैं। सोसायटी के निवासियों को लंबे समय से यह बताया जा रहा था कि जब तक इस विषय में कोई लिखित शासकीय आदेश प्राप्त नहीं होगा, तब तक मार्च 2025 की बकायेदार सूची जारी नहीं की जाएगी। अपार्टमेंट स्वामी संघ की इस असामान्य सतर्कता और लगातार टालमटोल के कारण यह मामला अंततः जिला प्रशासन के संज्ञान में लाया गया। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा संज्ञान लिया गया, जिसके उपरांत नगर मजिस्ट्रेट द्वारा इस संबंध में लिखित आदेश पारित किया गया। उक्त आदेश की प्रति अपार्टमेंट स्वामी संघ को प्रेषित कर दी गई है। इसके साथ ही उप-पंजीयक को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि मार्च 2025 तक की संपूर्ण अनुरक्षण शुल्क बकायेदारों की सूची सार्वजनिक कराई जाए। अब जबकि लिखित शासकीय आदेश की शर्त भी पूर्ण हो चुकी है, इसके बावजूद सूची जारी न किया जाना निवासियों के बीच असंतोष और शंका का विषय बना हुआ है। इस संबंध में फॉर्च्यून रेजिडेंसी के निवासी श्री विपिन कुमार बालियान, फ्लैट संख्या जी-607, द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय गाजियाबाद में दिनांक 21 जनवरी 2026 एवं 27 जनवरी 2026 को शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए थे। प्रार्थना पत्रों में उल्लेख किया गया है कि अपार्टमेंट स्वामी संघ का कार्यकाल 20 जुलाई 2025 को समाप्त हो चुका है, इसके बावजूद अब तक नए चुनाव संपन्न नहीं कराए गए हैं। साथ ही उप-पंजीयक द्वारा नियुक्त निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्धारित समय सीमा का पालन नहीं किया गया तथा अपार्टमेंट अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत मार्च 2025 तक की बकायेदार सूची सार्वजनिक नहीं की गई। प्रशासनिक स्तर पर यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिलाधिकारी गाजियाबाद द्वारा आदेश पत्र संख्या 1337/एसटी डीएम/2025, दिनांक 17 अक्टूबर 2025 के अंतर्गत जनपद की आवासीय कालोनियों एवं बहुमंजिला भवनों के प्रबंधन से संबंधित विभिन्न शिकायतों के समाधान हेतु एक विशेष कार्यबल का गठन किया गया है। यह कार्यबल अपार्टमेंट परिसरों के उचित रख-रखाव, जन सुविधाओं की कमी, लिफ्ट तथा अन्य मूलभूत समस्याओं के निराकरण की निगरानी करेगा। इसी क्रम में संबंधित शिकायती प्रार्थना पत्र की प्रति सभी संलग्न अभिलेखों सहित संबंधित अधिकारियों को इस आशय से प्रेषित की गई है कि प्रार्थना पत्र में उल्लिखित तथ्यों की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा मार्च 2025 तक की बकायेदार सूची सहित विस्तृत आख्या जिलाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। पूरे प्रकरण के बाद सोसायटी के निवासियों में यह चर्चा तेज हो गई है कि जब प्रशासनिक आदेश स्पष्ट रूप से जारी हो चुके हैं, तब भी अपार्टमेंट स्वामी संघ द्वारा बकायेदारों की सूची जारी न करना पारदर्शिता और जवाबदेही पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। अब सभी की निगाहें जिला प्रशासन की अगली कार्रवाई और अपार्टमेंट स्वामी संघ की भूमिका पर टिकी हुई हैं।

# आग से बचाव और आपदा प्रबंधन में सराहनीय भूमिका निभाने वालों को मिला महाकुंभ सेवा मेडल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** विश्व के सबसे बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ मेला प्रयागराज-2025 के सफल आयोजन के बाद उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महाकुंभ के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किए जाने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में महाकुंभ-2025 के दौरान आग से बचाव, आपात परिस्थितियों के प्रभावी प्रबंधन और करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अग्निशमन तथा आपात सेवा विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों को महाकुंभ सेवा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। शुक्रवार को पुलिस उपायुक्त, ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने मुख्य अग्नि शमन अधिकारी राहुल की मौजूदगी में सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों को सम्मानित किया। यह सम्मान महाकुंभ जैसे विशाल आयोजन के दौरान अग्निशमन विभाग की सतर्कता, त्वरित कार्रवाई और अनुशासित कार्यप्रणाली का प्रमाण माना जा रहा है। महाकुंभ मेला-2025 के दौरान गाजियाबाद अग्निशमन विभाग के अधिकारी राहुल पाल के नेतृत्व में विभाग ने आग से संबंधित संभावित खतरों को समय रहते नियंत्रित किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़, अस्थायी शिविरों, रसोईघरों और विद्युत उपकरणों के बीच आग की किसी भी आशंका को रोकने के लिए निरंतर निगरानी, पूर्व तैयारी और त्वरित प्रतिक्रिया की रणनीति अपनाई गई। अधिकारी राहुल पाल की कार्यशैली को अनुशासन, दूरदर्शिता और टीमवर्क का उत्कृष्ट उदाहरण माना गया। अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने कहा कि महाकुंभ जैसे विराट आयोजन में सेवा का अवसर मिलना अपने आप में गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरी टीम की कड़ी मेहनत, समर्पण और निरंतर सजगता का परिणाम है। विभाग का उद्देश्य हमेशा यही रहा कि श्रद्धालु निश्चिंत होकर अपने धार्मिक कर्तव्यों का पालन कर सकें और किसी भी आपात स्थिति से समय रहते निपटा जा सके। राहुल पाल ने अपनी टीम की सराहना करते हुए कहा कि महाकुंभ के दौरान अग्निशमन कर्मियों ने दिन-रात ड्यूटी निभाई और हर चुनौती का सामना पूरी जिम्मेदारी के साथ किया। उनकी नेतृत्व क्षमता, स्पष्ट दिशा-निर्देश और मैदान में सक्रिय उपस्थिति ने विभाग के मनोबल को और मजबूत किया, जिसका सीधा लाभ आयोजन की सुरक्षा व्यवस्था को मिला। पुलिस उपायुक्त, ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने कहा कि अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग की भूमिका महाकुंभ जैसे आयोजनों में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

# हत्या के प्रयास का वांछित गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** डीसीपी सिटी धवल जायसवाल द्वारा वांछित अपराधियों और अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए शुरू की गई सख़्त मुहिम को बड़ी सफलता मिली है। इसी क्रम में थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक की एसओ सरिता मलिक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने हत्या के प्रयास के मामले में दो वर्ष से अधिक समय से फरार चल रहे एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त का नाम कृष्णवीर, निवासी आजमगढ़, रतनगढ़ शिवाला कलां, बिजनौर बताया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध वर्ष 2024 में हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया था। थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक में उसके खिलाफ मुकदमा संख्या 344/24, धारा 307 भारतीय दंड संहिता के तहत पंजीकृत है। बताया गया कि अभियुक्त कृष्णवीर पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने और पहचान बदल रहा था। वह लंबे समय से फरार चल रहा था, लेकिन मुखबिर की सटीक सूचना और एसओ सरिता मलिक की टीम की सतर्कता के चलते आखिरकार पुलिस ने उसे दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शहर में अपराध पर नियंत्रण और फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए यह अभियान आगे भी इसी सख़्ती के साथ जारी रहेगा।

# पठन-पाठन की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विद्यार्थियों ने दिखाई कल्पनाशीलता और उत्साह

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** कवि नगर स्थित के.डी.बी. पब्लिक स्कूल के सभागार में गुरुवार को 'रीडिंग क्लबञ्का भव्य और प्रेरणादायक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा छठी से नौवीं तक के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, जिज्ञासा और सक्रिय सहभागिता के साथ भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में पठन-पाठन की आदत को विकसित करना, पुस्तकों के प्रति रुचि बढ़ाना, भाषा कौशल और शब्दावली को समृद्ध करना तथा सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम को रोचक और ज्ञानवर्धक बनाने के लिए विद्यालय द्वारा विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें शैक्षिक खेल, विभिन्न प्रसिद्ध लेखकों की पुस्तकों की प्रदर्शनी, कठपुतली प्रस्तुति, पुस्तक समीक्षा, कहानी लेखन, कविता लेखन, पुस्तक आवरण एवं पुस्तक चिह्न निर्माण जैसी रचनात्मक प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और कल्पनाशीलता का शानदार प्रदर्शन करते हुए पुस्तकों से जुड़ी गतिविधियों को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण विभिन्न लेखकों के जीवन पर आधारित फैशन शो रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने साहित्यिक पात्रों और लेखकों के रूप में मंच पर उतरकर पुस्तकों के प्रति अपने प्रेम को अनोखे और सृजनात्मक अंदाज में प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति ने दर्शकों को न केवल मनोरंजन दिया, बल्कि साहित्य के महत्व को भी प्रभावी ढंग से रेखांकित किया। विद्यालय में विद्यार्थियों के शब्द भंडार और वाचन कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से प्रतिदिन शून्य कालांश में प्रसिद्ध लेखकों की पुस्तकों का पठन कराया जाता है। इससे छात्र भाषा की सूक्ष्मताओं को समझते हुए अपने ज्ञान और अभिव्यक्ति क्षमता को निरंतर सुदृढ़ कर रहे हैं।

# बंदर भगाने की सनक में चली गोली, दोनों टांगों में लगी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** बंदरों को भगाने की कोशिश एक महिला के लिए जानलेवा साबित हो गई। पड़ोस की छत से चलाई गई लाइसेंसी राइफल की गोली एक महिला की दोनों टांगों में जा लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ी। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई, जबकि घायल महिला को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। मुगल गार्डन मसूरी निवासी वाहिद पुत्र शौकत, जो मूल रूप से शाहजहांपुर किठौर मेरठ के रहने वाले हैं, अपनी पत्नी गुलिश्तां के साथ सद्दाम के मकान में किराये पर रहते हैं। वाहिद के अनुसार 29 जनवरी को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उनकी पत्नी गुलिश्तां अपने मकान की छत पर खड़ी थीं। उसी समय पड़ोस में रहने वाले लुकमान ने अपने घर की छत से बंदरों को भगाने के लिए अपनी लाइसेंसी राइफल से फायर कर दिया। बताया गया कि राइफल से चली गोली सीधी गुलिश्तां की दोनों टांगों में जा लगी। गोली लगते ही वह गंभीर रूप से घायल होकर छत पर ही गिर पड़ीं। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल इसकी सूचना दी और घायल महिला को उपचार के लिए मणिपाल अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना से आक्रोशित महिला के पति वाहिद ने पड़ोसी लुकमान निवासी मुगल गार्डन मसूरी के खिलाफ पुलिस में तहरीर दी, जिसके आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# क्राइम ब्रांच ने चार शातिर दबोचे, एक करोड़ से अधिक की महंगी दवाओं की ठगी का खुलासा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** डॉक्टरों का भेष धरकर मेडिकल फार्मेसियों से महंगी दवाएं ठगने वाले एक शातिर अंतरराज्यीय गिरोह का क्राइम ब्रांच ने पदार्फाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से बड़ी मात्रा में महंगी दवाएं और सर्जिकल सामान बरामद किया गया है। जांच में सामने आया है कि यह गिरोह अब तक देश के कई राज्यों में 54 से अधिक वारदातों को अंजाम देकर एक करोड़ रुपये से ज्यादा की दवाओं की ठगी कर चुका है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी गाजियाबाद में एमएमजी जिला अस्पताल और नोएडा के एक जिला अस्पताल के डॉक्टर बनकर दो दवा व्यापारियों से ठगी कर चुके हैं। इन मामलों में सिहानी गेट थाना और कोतवाली थाना में मुकदमे दर्ज किए गए थे। गहन जांच के बाद क्राइम ब्रांच ने गिरोह तक पहुंच बनाई और हरियाणा के रोहतक निवासी चार आरोपियों को दबोच लिया। एडीसीपी क्राइम पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान मुकेश तनेजा, दीप सिंह, मुकेश अखरिया और अमित खुराना के रूप में हुई है। सभी आरोपी रोहतक के साई दास कॉलोनी और सिविल अस्पताल क्षेत्र के निवासी हैं। वहीं गिरोह के दो अन्य सदस्य दीपक और साहिल फिलहाल फरार हैं, जिनकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी इंडियामार्ट और अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए मेडिकल स्टोरों के फोन नंबर हासिल करते थे। इसके बाद वे बड़े सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर बनकर दवा व्यापारियों को फोन करते और महंगी दवाओं का ऑर्डर देते थे। ठगी को विश्वसनीय बनाने के लिए आरोपी पहले संबंधित अस्पतालों का सर्वे करते, वहां तैनात डॉक्टरों के नाम और पद की जानकारी जुटाते और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लिए गए सिम कार्ड पर डॉक्टर का नाम ट्रूकॉलर में दर्ज कर देते थे। मुख्य आरोपी मुकेश तनेजा डॉक्टर की भाषा और मेडिकल शब्दावली में बातचीत कर व्यापारियों का भरोसा जीतता था।

# जनता दर्शन में जिलाधिकारी का सख्त रुख, अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन के दौरान गुरुवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने आमजन की शिकायतें गंभीरता से सुनीं और उनके त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के स्पष्ट निर्देश अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी द्वारा नियमित रूप से की जा रही जनसुनवाई का असर यह रहा कि जनता का भरोसा बढ़ा है और शिकायत लेकर पहुंचने वाले प्रार्थियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। जनता दर्शन के दौरान राजस्व विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित अनेक प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी महोदय ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना और यह भी जानकारी ली कि संबंधित प्रकरण में पूर्व में कोई आवेदन दिया गया था या नहीं। उन्होंने प्रार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान पूरी गंभीरता और गुणवत्ता के साथ कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन शिकायतों में स्थलीय निरीक्षण आवश्यक है, वहां मौके पर जाकर निरीक्षण के बाद ही समाधान किया जाए। साथ ही सभी मामलों के निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता से फीडबैक लेना भी अनिवार्य किया जाए, ताकि समाधान की वास्तविक स्थिति सामने आ सके। डीएम रविन्द्र कुमार माँदड़ ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विशेष रूप से भूमि से संबंधित विवादों के मामलों में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करे, जिससे अनावश्यक विवाद और असंतोष की स्थिति उत्पन्न न हो।